


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

रांची, रविवार, 08 सितंबर 2024

संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 5 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 04 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ अपनी उपासकों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं भगवान गणेश

कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' को मिली हरी झंडी ◀◀ 6



झारखण्ड सरकार


GOVERNMENT OF JHARKHAND













# अबुआ आभार हेमन्त सरकार

# अधिवक्तागण के समृद्ध भविष्य के लिए सरकार का प्रयास

## देश में पहली बार हेमन्त सरकार द्वारा अधिवक्ता कल्याण हेतु लिए गए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय

### ₹5 लाख

**तक का स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा**

झारखण्ड राज्यकृत एडवोकेट वेलफेयर फंड के सभी सदस्यों को राज्य सरकार एडवोकेट वेलफेयर फंड के माध्यम से ₹5 लाख तक का स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा प्रदान करेगी

### ₹14,000

**हुई पेंशन की राशि**

झारखण्ड राज्यकृत एडवोकेट वेलफेयर फंड के माध्यम से सदस्यों को ₹7,000 पेंशन दी जा रही थी। अब राज्य सरकार इस फंड में राज्यांश से अतिरिक्त ₹7,000 देगी, इस तरह अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु पेंशन की राशि ₹7,000 से बढ़ कर ₹14,000 हुई

### ₹5,000

**हुई स्टाइपेंड राशि**

नए निबंधित अधिवक्ताओं के स्टाइपेंड राशि प्रतिमाह (पहले तीन वर्ष तक) मिलने वाली राशि ₹1,000 को बढ़ाकर ₹5,000 किया गया, इसमें 50% राशि राज्य सरकार वहन करेगी

PR 335102(IPRD)24-25

**अधिवक्ता हित को ध्यान में रखकर सभी अधिवक्ताओं से आग्रह है कि वे एडवोकेट वेलफेयर फंड के सदस्य बनें और लाभ उठाएं**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## न्यूज ब्रीफ



### साफ- सफाई व पौधरोपण अभियान

**मुरी:** सिल्ली पंचायत क्षेत्र में सहिया दीदी द्वारा पौधा रोपण एवं साफ सफाई का अभियान चलाया गया। ज्ञात हो कि इससे पहले सहिया दीदी का कलस्टर मीटिंग भी आयोजित किया गया था जिसमें सभी ने महीने भर का रिपोर्ट जामा किया गया। काफी संख्या में सहिया ने भाग लिया।

### बंगाल के लॉटरी टिकटों की बिक्री बेरोक- टोक जारी

**मुरी :** पुलिस पदाधिकारी का जनता से हमेशा आग्रह रहता है कि क्षेत्र में अगर गलत काम हो रहा है तो सूचना दे। मगर यह सिर्फ कहने की बातें हैं। पुलिस की आंखों नीचे एवं जानकारी में सारा गलत काम फलता-फूलता है ।इसे पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। बंगाल का लॉअरी टिकट मुरी ओपी एवं रेलवे क्षेत्रों में खुलेआम बेचा जाता है। जो झारखंड में अवैध है। जिसे पुलिस नजर अंदाज करती है। बालू का अवैध कारोबार इसी तरह फल फूल रहा है। पुलिस को आप कितनी ही सूचना दे वो एक ही बात कहती हैं कि मेरी जानकारी में नहीं है जानकारी लेकर देखूगां। उसके बाद कार्रवाई की आशा नहीं कर सकते हैं। अभी वरीय पुलिस अधिकारी ने सूचना जारी की है कि 9 से 11 सितंबर तक थाने में शिकायत दर्ज करें, समस्याओं का निष्पादन होगा। अब देखना है कि पुलिस का फरमान कितना कारगार साबित होता है। गलत काम रूकता है कि आगे चलता रहेगा।

### अवैध महुआ दारू की बिक्री जोरों पर



**सिल्ली :** एक ओर जहां आगामी विधानसभा चुनाव नजदीक देख राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधियों को युवाओं की याद खूब आने लगा है वही दूसरी ओर सिल्ली मुरी एंव ग्रामीण क्षेत्र में लोटा केशरडीह टूटकी नवाडीह कोंचो कोकालगाम बासुडीह चौकेसेरेंग बंता लगाम मारदु लोदमू लोसेरा रामपुर हरिडीह हाकेदाग आदि ऐसे दर्जनों गांव है जहां अवैध महुआ दारू की चुलाई और बिक्री जोरों पर हो रही है। युवा वर्ग नशे की लत में इस कदर डूबते ही जा रहे है जहां से निकलना मुश्किल है, नशे के कारण शारीरिक के साथ साथ मानसिक संतुलन खराब हो रहा है इस दुष्परिणामों की चिंता किसी जनप्रतिनिधि को नही है । केवल वोट लेने के लिए युवाओं पर लुभावने बातें कही जाती है।

### दूसरे की जमीन का फर्जी कागज बनाकर लाखों की ठगी,आरोपी गिरफ्तार



**रांची:** नामकुम के खरसीदाग ओपी पुलिस ने दूसरे की जमीन का फर्जी कागजात बना कर बेचने के नाम पर ठगी करने के आरोपी प्रदीप कुमार प्रसाद, वर्तमान पता डूंगरी डुप्लेक्स नंबर 11 एवं स्थाई पता अंबेडकर पथ, सरस्वती विहार कॉलोनी पटना बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मामले में तुम्बागुटू करमटोली निवासी प्रकाश नायक ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार डूंगरी मौजा में बिहार पटना निवासी रामनंदन प्रसाद पिता स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद की 18.6 डिसमिल जमीन है।जिसे प्रदीप कुमार की पत्नी रंजना प्रसाद ने 2009 में किराए पर लिया था। दस साल रहने के बाद भी किराया नहीं देने पर उन्होंने मकान खाली करवा दिया। जिसके बाद प्रदीप ने मालिक के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में फजीर्वाड़ा कर प्रकाश नायक से उक्त जमीन को बेचने के लिए 8.7 लाख रुपए लिए। प्रकाश ने जब कागजात की जांच की तो फर्जी निकला इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली की प्रदीप ने 35 लाख रुपये चुटिया निवासी मदन सिंह एवं अन्य लोगों से भी पैसे ठगे हैं। सभी ने मिलकर बहाना बनाकर प्रदीप को बुलाया गया। उसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।प्रकाश के प्राथमिकी में मदन सिंह एवं रामनंदन प्रसाद का आवेदन भी अटैच किया गया है।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की अवधि बढ़ी, अब 24 सितंबर तक लगेगा कैंप

**रांची:** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पूर्व में 30 अगस्त से 15 सितंबर तक आयोजित होना था। अब इसकी अवधि बढ़ा कर 24 सितंबर कर दी गयी है। वहीं सीएम भी नौ सितंबर से अलग-अलग जिलों के जिलास्तरीय कैंप में शामिल होंगे। 24 सितंबर को साहिबंगज जिले के भोगनाडीह में आयोजित समापन समारोह में भी हिस्सा लेंगे। इस बाबत कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने सभी उपायुक्तों को पत्र लिख कर जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है कि कार्यक्रम की अपार सफलता एवं जिलों में पंचायतों की संख्या अधिक होने कारण इस कार्यक्रम को विस्तारित करते हुए अब इसे 30।08।2024 से 24।09।2024 तक संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में जिलों में आयोजित शिविरों में मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रीगण द्वारा भाग लिया जायेगा एवं विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों को लाभान्वित किया जायेगा।

### बिजली बिल माफी का आदेश निकला नहीं और लिए जा रहे आवेदन : डॉ लंबोदर महतो

**आजसू** पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने झारखंड सरकार के बिजली बिल माफी करने की घोषणा के बाद दोहरा आचरण करने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि करीब एक पखवाड़ा पहले राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिजली बिल माफ करने की घोषणा की है। मगर अब तक इस घोषणा के अमल संबंधी किसी प्रकार का कोई आदेश नहीं निकला है। इस बीच गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) रहकर जीवन गुजर बसर करने वाले लोगों के घरों में बिजली बिल बकाया वसूली के नाम पर छापामारी की जारी है।

### सहायक पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त,सीएम ने कहा-

# सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही है सरकार

**मेट्रो रेज**

**रांची:** कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में राज्य के विभिन्न जिलों से आए सहायक पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के समक्ष सहायक पुलिसकर्मियों ने हर्ष जताते हुए कहा कि विगत 6 सितंबर को आयोजित कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार द्वारा झारखंड के विभिन्न जिलों में कार्यरत सहायक पुलिसकर्मियों के सेवा अवधि विस्तार एवं अन्य लाभों को स्वीकृति दिए जाने का निर्णय सराहनीय पहल है। सहायक पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में सभी को उनका हक-अधिकार मिल रहा है। मुख्यमंत्री जी हम सभी की ओर आपका आभार और धन्यवाद!

**कल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य के सभी वर्ग को मिल रहा है:** सीएम इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सहायक पुलिसकर्मियों से कहा कि आने वाले दिनों में सहायक पुलिसकर्मियों के लिए उनकी सरकार सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेगी। राज्य सरकार पूरी ईमानदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ आमजनों की परेशानियों का समाधान करने में जुटी है। सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य के सभी वर्ग-समुदायों को मिल रहा है।

**देश का पहला राज्य जहां अधिवक्ताओं को भी मिलेगा पेंशन:** हेमंत मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य जहां अधिवक्ताओं को भी पेंशन मिलेगा। हमारी सरकार राज्यहित से जुड़े कार्य निरंतर कार्य कर रही है। आमजनों के लिए सरकार के दरवाजे हमेशा खुले हैं। आज राज्य के विभिन्न जिलों से लगातार लोगों का हुजूम ढ़ोल-नगाड़ा लेकर मुख्यमंत्री आवास जश्न मनाने पहुंच रहें है। राज्य सरकार के पदाधिकारी आमजनों के घरों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहें हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को पंचायत-पंचायत, गांव-गांव, घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं विभिन्न जिलों से आए सहायक पुलिसकर्मियों में विवेकानंद प्रसाद गुप्ता, राजकुमार पासवान, अविनाश कुमार, उज्जवल कुमार, सोनाली हेंब्रम, मगडाल बागे, शांति मुंडा, उमेश मुंडारी, राजेंद्र हांसदा, शाहदेव भगत, सावन मुंडा, स्मिता कुमारी, देवकी बालमुचू, पवन लीला किस्कू, रविंद्र साहू सहित अन्य सहायक पुलिसकर्मी उपस्थित थे।




### मुख्यमंत्री ने सरायकेला के कार्यकर्ताओं का बढ़ाया उत्साह

**रांची :** राजधानी रांची के कांके रोड स्थित सीएम आवास में झामुमो की सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी की बैठक हुई। सीएम सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक जिला अंतर्गत पार्टी के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, सदस्य, नगर समिति के पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष व सचिव शामिल हुए।मुख्य रूप से सांगठनिक मुद्दों व विधानसभ चुनाव पर चर्चा हुई। हेमंत ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप ही संगठन की असली पूंजी हैं। विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से पूरे मनोयोग से जुट जाएं। बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष सविता महतो, महासचिव विनोद कुमार पांडेय, सचिव गणेश चौधरी, सरायकेला-खरसावां जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो, जिला सचिव बुद्धेश्वर मरांडी, विराम माझी, रुद्र प्रताप महतो, भोमरा माझी, कमलेश्वर महतो, दशमत मरांडी, वीरेंद्र प्रधान, अमृत महतो, गोरा वर्मन, शोकेन हेंब्रम व अन्य मौजूद थे।

### राज्य में अब नहीं होगी बिजली की कमी

## दिसंबर से पीवीयूएनएल यूनिट से शुरू हो जायेगा बिजली का उत्पादन

### 85 प्रतिशत हिस्सा केवल राज्य को मिलेगा



**पतरातू:** पतरातू में जेबीवीएनएल और एनटीपीसी के संयुक्त उपक्रम पीवीयूएनएल की पहली यूनिट से दिसंबर 2024 में उत्पादन आरंभ हो जायेगा। इस यूनिट से 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। यह जानकारी पीवीयूएनएल के सीइओ आरके सिंह ने कंपनी के पतरातू स्थित सुभाषचंद्र हॉल में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी।

**दिसंबर 2025 तक 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादनः** उन्होंने बताया कि 4000 हजार मेगावाट की पतरातू परियोजना झारखंड के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। पहले फेज में 800 मेगावाट की तीन यूनिट लगानी है। इसी वर्ष दिसंबर से पहली यूनिट से बिजली उत्पादन शुरू हो जायेगा। दूसरी यूनिट का काम सितंबर 2025 व तीसरी यूनिट का काम नवंबर 2025 तक पूरा कर लिया जायेगा। कार्य पूरा होते ही उत्पादन शुरू हो जायेगा। कुल मिलाकर दिसंबर 2025 तक 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होने लगेगा। कोयला हेंदेगीर के बनहरदी कोल माइंस से आयेगा।

**85 प्रतिशत बिजली राज्य सरकार को मिलेगी :** सीइओ ने बताया कि बताया कि यहां से जो बिजली तैयार होगी, उसका 85 प्रतिशत हिस्सा राज सरकार को मिलेगा। प्रोजेक्ट पूरा होने पर 4000 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इसका 85 प्रतिशत यानी करीब 3400 मेगावाट बिजली केवल झारखंड को मिलेगा। सीइओ ने कहा कि क्षेत्र के मुखिया अपने पंचायत में विकास कार्य के लिए अक्सर पीवीयूएनएल से सहयोग की मांग करते हैं।

### रांची ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते पांच युवक गिरफ्तार



**रांची :** सुखदेवनगर नगर थाना क्षेत्र स्थित सेंट्रल बैंक गली से ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते पांच युवक गिरफ्तार किये गये हैं। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आर्यन कुमार सिंह, गौतम कुमार यादव, शैलेश कुमार उर्फ गांधी, हर्ष कुमार और हिमांशु को गिरफ्तार किया है। इन सभी के पास से 15.19 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। अभियुक्तों ने स्वीकार किया, पुड़िया में नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर हैः प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित अखिल मेमोरियल स्कूल सेन्ट्रल बैंक गली में अवैध रूप से नशीले पदार्थो का खरीद बिक्री की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा छापामारी की गयी। पुलिस बल को देख भागने के क्रम में हिमांशु यादव उर्फ लालु यादव, आर्यन कुमार सिंह। गौतम कुमार यादव को पकड़ा गया। पकड़े गये इन तीनों अभियुक्तों के द्वारा स्वीकार किया गया कि प्लास्टिक की पुड़िया में नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर है। इन अभियुक्तों के निशानदेही पर हर्ष कुमार शर्मा के घर पर छापामारी की गयी और वहां से हर्ष और शैलेश को गिरफ्तार किया गया।

### सीएम हेमंत से मिले केंद्रीय सरना समिति के सदस्य, करमा पूजा का दिया निमंत्रण



**रांची:** केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से उनके कांके रोड रांची स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। समिति के प्रतिनिधिमंडल ने 14 सितंबर को रांची के हरमू स्थित अखड़ा में करमा पूजा महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में केंद्रीय सरना समिति, भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव, उपाध्यक्ष हेमन्त गाड़ी, संयुक्त सचिव पंकज टोप्पो, हरमू सरना समिति के अध्यक्ष विक्की कच्छप, केंद्रीय सदस्य लक्ष्मण तिर्की एवं समिति के सदस्य आश्रिती कच्छप, निशि कच्छप, रिमीन कच्छप, अर्शिता उरांव, कोमल उरांव, संजय उरांव, अनमोल खलखो, जयश्री उरांव, प्रवीण उरांव आदि शामिल थे।



### पर्यूषण पर्व : पिछले 8 दिन से निर्जला उपवास और मौन व्रत पर हैं 80 वर्ष के छोटेलाल

**रांची:** उम्र 80 वर्ष और 8 दिनों से निर्जला उपवास पर मौन धारण किए दिगंबर जैन भवन में चुटिया के छोटे लाल चौरडिया बैठे हैं। कल यानी सोमवार को व्रत का पारण करेंगे और समाज से क्षमा याचना करेंगे। उनकी पत्नी करुणा देवी चौरडिया भी उनके साथ हैं। छोटे भाई हुक्मीचंद चौरडिया भी उनका सहयोग कर रहे हैं। 20 वर्ष की उम्र में राम मुनि के शिष्य बने स्थानकवासी छोटेलाल चौरडिया का जन्म राजस्थान के पाली छतरगढ़ में हुआ था। 60 साल पहले राँची आए और चुटिया में बस गए। कपड़े का कारोबार करने लगे। हर वर्ष होली के समय मौन व्रत धारण करते हैं और पारसनाथ जाते हैं।

## पूर्व मंत्री सरयू राय की बढ़ सकती हैं मुश्किलें,प्राथमिकी दर्ज

### आहार पत्रिका के मुद्रण, प्रकाशन और वितरण की आड़ में अवैध तरीके से 3.38 करोड़ की हेराफेरी का आरोप

**रांची :** पूर्व खाद्य आपूर्ति सरयू राय सहित अन्य पर अपने पद का दुरुपयोग कर आहार पत्रिका के मुद्रण, प्रकाशन और वितरण की आड़ में अवैध तरीके से 3.38 करोड़ का अनुचित लाभ उठाने के आरोप में अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इसमें सरयू राय के निजी सहायक सह आहार पत्रिका के कार्यकारी संपादक आनंद कुमार व धनबाद के तत्कालीन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनील शंकर, बाबा कंप्यूटर्स के मालिक रितेश गुप्ता और जेपीपीएल के निदेशक को नामजद आरोपी बनाया गया है। यह प्राथमिकी एम-3, अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी निवासी मनोज सिंह ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 314, 316(2), 316(4), 316(5), 61(2) सहपाठित धारा 3(5) व भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, 1988 की धारा 7, 11, 12 एवं 13(2) के अंतर्गत दर्ज करायी है।



**क्या कहा गया है दर्ज प्राथमिकी में :** प्राथमिकी में कहा गया है कि सरयू राय ने आम जनता में अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के नाम पर हर माह खाद्य बुलेटिन आहार की आड़ में अक्तूबर 2017 से मार्च 2019 तक की अवधि में 3,38,26,473/- का भुगतान करवाया। तय मात्रा से काफी कम संख्या में आहार पत्रिका का मुद्रण, प्रकाशन व वितरण हुआ। साथ ही घोटाला कर मामले को दबाने की मंशा से अपने करीबी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनील शंकर को रिटायर होने से कुछ दिन पहले धनबाद में तैनात किया गया।

**आनंद कुमार को बना दिया कार्यकारी संपादक :** प्राथमिकी में कहा गया है कि विभाग के तत्कालीन विभागीय सचिव विनय कुमार चौबे ने 22 सितंबर 2017 को फूड बुलेटिन आहार के मुद्रण, प्रकाशन व वितरण के लिए विशेषज्ञ की सेवाएं लेने की अनुशंसा विभागीय मंत्री सरयू राय से की थी। पर जान बूझकर स्वयं फायदा लेने की मंशा से मंत्री ने 26 सितंबर 2017 को अपने निजी सहायक आनंद कुमार को ही स्वतः बुलेटिन के लिए विशेषज्ञ घोषित कर उन्हें कार्यकारी संपादक के पद पर नियुक्त कर दिया। पुनः एक साजिश के तहत झारखंड प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (जेपीपीएल) को बुलेटिन की छपाई का कार्य आदेश दे दिया गया। ताकि दोनों उसका लाभ उठाते रहे।

**पांच एफआइआर का जो हाल हुआ इसका भी वही होगा :** सरयू राय पूर्व मंत्री सरयू राय ने अरगोड़ा थाना में दर्ज एफआइआर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा : तीन साल में एक विषय पर मेरे खिलाफ छठा एफआइआर दर्ज कराया गया है। इस विषय को लेकर पहले जमशेदपुर के दो लोगों ने एफआइआर कराया था।

समाहरणालय, खूँटी
(जिला भू-अर्जन शाखा)
-आदेश:-

निर्माणाधीन एस0 आई0 आर0 बी0-02, सारिदकेल मुख्यालय के पहुँच पथ निर्माण हेतु मौजा सारिदकेल थाना- तोरपा थाना सं0 09 अंचल तोरपा जिला खूँटी का भूमि अधिग्रहण के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11(1) के तहत कार्यालय पत्रांक 95(ii) दिनांक 27.06.2024 के द्वारा प्रारंभिक अधिसूचना का प्रकाशन हो चुका है।

झारखण्ड भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियमावली, 2015 का नियम 25 (1),(2),(3),(4) के तहत पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम के तहत निम्नलिखित तिथि को भू-अर्जन पदाधिकारी, खूँटी के नेतृत्व में जनसुनवाई का आयोजन किया गया है।

| क्र0 | तिथि | अंचल | मौजा | थाना सं0 | समय | स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18.09.2024 | तोरपा | सारिदकेल | 09 | 11.30 पूर्वाह्न | चबुतरा, सारिदकेल |

अतः सभी संबंधित रैयतों/वार्ड सदस्यों/ग्राम प्रधान/ग्राम सभा सदस्यों/ मुखिया/ प्रमुख/ पंचायत समिति सदस्य, संबंधित प्रखण्ड से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय में जनसुनवाई हेतु उपस्थित होने की कृपा करेंगे।

ह0/-
प्रशासक, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम
-सह- अपर समाहर्त्ता, खूँटी।

PR 334989 Land Reforms
(24-25)D



# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 08 सितंबर 2024

संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 5 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 04 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ अपनी उपासकों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं भगवान गणेश

कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' को मिली हरी झंडी ◂◂ 6







### बक्सर में बड़ा रेल हादसा टला

## नई दिल्ली से इस्लामपुर जा रही मगध एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंटी




**बक्सर:** जिले से एक बड़ी खबर आ रही है। जहां नई दिल्ली से इस्लामपुर जा रही मगध एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंट गई है। हालांकि किसी भी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं है। घटना बक्सर के ट्विनिंग गंज हाल्ट के पास की बताई जा रही है। इस घटना की जानकारी जैसे हीं रेल प्रशासन को मिली हड़कंप मच गया। बता दें कि घटनास्थल के लिए दलबल के साथ आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार निकल चुके हैं। जानकारी के मुताबिक मगध एक्सप्रेस की कैपलिंग दो बोगियों के बीच से टूट गई। जिससे यह ट्रेन दो हिस्सों में बट गई। हालांकि, इस हादसे में किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

## एलन मस्क का एलान : मंगल ग्रह पर बसाएंगे शहर दो वर्षों में भेजा जाएगा सबसे बड़ा स्टारशिप



**नई दिल्ली :** स्पेसएक्स कंपनी की ओर से अगले दो वर्षों में मंगल ग्रह पर अपने सबसे बड़े रॉकेट स्टारशिप को भेजने की तैयारी की जा रही है। इसका ऐलान कंपनी के सीईओ एलन मस्क ने किया है। एलन मस्क ने बताया कि यह बिना क्रू वाला मिशन होगा, जिसमें रॉकेट की मंगल ग्रह पर सुरक्षित लैंडिंग को परखा जाएगा। अगर यह मिशन सफल रहा तो अगले चार वर्षों में मानव मिशन को मंगल पर भेजा जाएगा। स्पेसएक्स कंपनी के चीफ ने बताया कि सफल मिशन के बाद मंगल मिशन में तेजी लाई जाएगी और सबकुछ सही रहा तो अगले 20 वर्षों में मंगल पर पूरा शहर बसाया जाएगा। इसके साथ ही एलन मस्क ने स्पेसएक्स कर्मचारियों को मंगल ग्रह पर शहर बसाने की योजना पर काम शुरू करने का भी निर्देश दे दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, मंगल ग्रह पर छोटे गुंबदनुमा आवास बनाने की योजना है। एक अन्य टीम मंगल के प्रतिकूल वातावरण से निपटने के लिए स्पेससूट बनाने पर काम कर रही है, जबकि एक मेडिकल टीम इस बात पर शोध कर रही है कि क्या मनुष्य वहाँ बच्चे पैदा कर सकते हैं? मस्क ने साल 2016 में कहा था कि मंगल ग्रह पर मानव बस्ती बनने में 40 से 100 साल लगेंगे, लेकिन अब मस्क ने अगले 20 वर्षों में मंगल ग्रह पर मानव बस्ती बसाने का एलान कर दिया है। मस्क का लक्ष्य है कि करीब 10 लाख लोगों को मंगल ग्रह पर बसाया जाए।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए मेक माई सिटी सेफ शुरू

**मेट्रो रेज**




**रांची/रामगढ़ :** महिलाओं की सुरक्षा के लिए झारखंड पुलिस ने मेक माई सिटी सेफ शुरू की है। इसको लेकर रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के साथ कुछ गलत हो रहा है या कोई इलाका उनके लिए असुरक्षित है तो झारखंड पुलिस की वेबसाइट पर लॉग इन कर कुछ जानकारी देनी है। पुलिस उस पर त्वरित कार्रवाई करेगी। जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा। अजय कुमार ने बताया कि जानकारी देने के लिए झारखंड पुलिस की वेबसाइट jhpolice.gov.in पर लॉग इन करना है। इसके बाद initiatives में जाकर make my city safe पर क्लिक करते ही एक विंडो खुलेगा, जिसमें कुछ जानकारियां देनी है।

**कोई दुरुपयोग न करे, इसलिए सूचना देने वालों की मांगी गयी है जानकारी :** रामगढ़ एसपी ने बताया कि विंडो खुलने के बाद उसमें जानकारी देने वाला का नाम, उसके मोबाइल नंबर, जिला, जेंडर, ईमेल आईडी और पता डालना होगा। इस जानकारी को झारखंड पुलिस किसी के साथ साझा नहीं करेगी। ये जानकारी इसलिए मांगी गयी है, ताकि इस सुविधा का कोई दुरुपयोग न करे। इसके बाद उस जगह के बारे में जानकारी देनी है जो महिलाओं के लिए असुरक्षित है। आपको बताना होगा कि वहां क्या परेशानी आ रही है। इसके बाद जानकारी सबमिट कर देना है। सूचना मिलने के बाद झारखंड पुलिस मुख्यालय से उक्त जानकारी संबंधित जिले को कार्रवाई के लिए दी जायेगी। रामगढ़ पुलिस ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि आपातकालीन सहायता के लिए डायल 112 पर कॉल करें। पुलिस तुरंत पहुंचकर आपकी समस्या का समाधान करेगी।

## दिल्ली: कपड़ा फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

### दमकल की 26 गाड़ियां मौके पर मौजूद



**नई दिल्ली:** दिल्ली के बक्करवाला इलाके में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। यह आग कपड़े की फैक्ट्री में लगी। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की 26 गाड़ियां पहुंची हैं और आग बुझाने का काम जारी है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि भीषण आग में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने कहा, हमें सुबह 6 बजकर 55 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। कम से कम 26 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं। कपड़ा फैक्ट्री में लगी आग इतनी भीषण है कि इमारत के बाहर से आग की लपटें देखी जा सकती हैं और आसमान में धुएं का गुबार छा गया है। इससे पहले पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी इलाके में एक बहुमंजिला अपार्टमेंट के एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसमें घरेलू सामान जलकर खाक हो गया था। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी के अनुसार, आग लगने के सबंध में सुबह 8:10 बजे सूचना मिली और चार दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया। डीएफएस अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने में दमकल वाहनों को एक घंटा लगा।

## लखनऊः ट्रांसपोर्ट नगर में गिरी इमारत, आठ की मौत , 28 से ज्यादा घायल



**लखनऊ :** ट्रांसपोर्ट नगर में शनिवार शाम करीब पांच बजे तीन मंजिला इमारत ढहने की घटना में तीन और लोगों की मौत के साथ इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। हादसे में 28 लोग घायल भी हुए हैं। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने रविवार को बताया कि बचाव अभियान के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने तीन और लोगों- राज किशोर (27), रुद्र यादव (24) और जगरूप सिंह (35) के शव बरामद किए। इसके साथ ही इस हादसे में मरने वालों की तादाद बढ़कर आठ हो गई।

कुमार ने बताया कि मलबे के नीचे कोई और न दबा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बचाव अभियान अब भी जारी है। पुलिस के अनुसार, इमारत करीब चार साल पहले बनाई गई थी और वर्तमान में वहां कुछ निर्माण कार्य हो रहा था।

अधिकारियों के अनुसार, इस इमारत का इस्तेमाल गोदाम के तौर पर किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि इमारत के भूतल में एक मोटर वर्कशाप और एक गोदाम था, जबकि प्रथम तल पर एक मेडिकल गोदाम, जबकि दूसरे तल पर एक कटलरी गोदाम था। मेडिकल गोदाम में काम करने वाले और इस दुर्घटना में घायल आकाश सिंह ने बताया, बारिश की वजह से हम लोग उतरकर भूतल पर आ गए थे। हमने देखा कि इमारत के एक खंभे में दरार आ गई है। अचानक, पूरी इमारत हमारे ऊपर गिर गई।

### रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण बने पापा-मम्मी

## एक्ट्रेस ने पुत्री को दिया जन्म फैंस बोले- बधाई हो



**मुंबई:** बॉलीवुड के स्टार कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के फैंस लंबे समय से उनके आने वाले बच्चे का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। दीपिका को शनिवार को मुंबई के एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था, और आज उन्होंने एक प्यारी-सी बेटी को जन्म दिया है। जैसे ही इस गुड न्यूज का पता चला, दीपिका और रणवीर के परिवार के साथ-साथ उनके फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सोशल मीडिया पर सभी लोग इस नन्हे मेहमान के स्वागत में उन्हें बधाई दे रहे हैं।

विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पर थोड़ी देर पहले ही एक पोस्ट शेयर कर बताया कि दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के घर एक नन्हा मेहमान आ गया है। दीपिका ने गणेश चतुर्थी के अगले दिन बेबी गर्ल को जन्म दिया। विरल भयानी के पोस्ट पर यूजर्स ताबड़तोड़ रिएक्शन दे रहे हैं। एक मीडिया यूजर ने लिखा, बधाई हो। एक यूजर ने लिखा, छोटी मस्तानी आ गयी। एक यूजर ने लिखा, बेबी का फोटो दिखाओ। बीते दिन ही दीपिका पादुकोण को प्रसव पीड़ा शुरू हुआ था और रणवीर सिंह उसे एच एन रिलायंस हॉस्पिटल लेकर गए थे। कपल के अस्पताल जाने के वीडियोज और तसवीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे। वहीं, हॉस्पिटल जाने से एक दिन पहले दीपिका और रणवीर मुंबई के फेमस सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे थे। कपल ने बच्चे के जन्म से पहले भगवान गणपति का आशीर्वाद लिया था।

## जम्मू-कश्मीरः भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की छठी लिस्ट, मुस्लिम चेहरों को दिया टिकट



**नई दिल्लीः** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को अपनी छठी लिस्ट जारी कर दी। पार्टी ने लिस्ट में 10 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। खास बात ये है कि भाजपा ने 5 मुस्लिम चेहरों को टिकट दिया है। भाजपा ने ऊधमपुर पूर्व से आर एस पठानिया और मढ़ से सुरिंदर भगत को चुनावी मैदान में उतारा है। भाजपा ने करनाह से मो। इदरीस करनाह, हंडवाड़ा से गुलाम मोहम्मद मीर, सोनावारी से अब्दुल रशीद खान, बांदीपोरा से नसीर अहमद लोन, गुरेज से फकीर मोहम्मद खान को टिकट थमाया है। इसके अलावा पार्टी ने ऊधमपुर पूर्व से आर एस पठानिया, कठुआ से डॉ। भरत भूषण, बिश्नाह से राजीव भगत, बाहु से विक्रम रंधावा, मढ़ से सुरिंदर भगत को अपना उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी कयिा था। उन्होंने बताया था कि अगर घाटी में हमारी सरकार बनती है, तो घर की सभी वरिष्ठ महिलाओं को 18 हजार रुपये दिए जाएंगे। यह रकम मां सम्मान योजना के अंतर्गत दिए जाएंगे। इसके अलावा, उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को दो मुफ्त सलिंडर प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही किसी की पढ़ाई में पैसों का अभाव बाधा न बने, इसके लिए हम सभी छात्राओं को प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये प्रदान करेंगे। गृह मंत्री अमति शाह ने कहा था कि अगर जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सरकार बनती है, तो वृद्ध महिलाओं को प्रतिमाह तीन हजार रुपए पेंशन के रूप में दिए जाएंगे। मौजूदा समय में घाटी में सभी वृद्ध महिलाओं को महज एक हजार रुपए ही पेंशन मिलती है। इसके अलावा, अमति शाह ने किसानों को भी सौगात देने की बात कही। उन्होंने कहा कि घाटी में बीजेपी की सरकार बनने पर किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष 6 हजार की जगह 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने संकल्प पत्र जारी करते हुए स्पष्ट कहा था कि एक बात हम सभी लोगों को समझ लेनी चाहिए कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है, इसका वर्तमान से कोई सरोकार नहीं है।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 से, आईजी- डीआईजी प्रतिनियुक्त

**रांची :** झारखंड पुलिस राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन करेगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस कार्यक्रम की शुरूआत 10 सितंबर से होगी। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दे पर आम जनता की समस्या सुनी जायेगी और उनकी मदद की जायेगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 21 जिलों में 21 आईजी और डीआईजी रैंक के अफसरों को प्रतिनियुक्त किया है। प्रतिनियुक्त अधिकारी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश का सही से अनुपालन हो रहा है या नहीं, आम जनता से मिली शिकायत का सही तरीके से निवारण किया जा रहा है या नहीं, पुलिस पदाधिकारी और कर्मी के खिलाफ दुर्व्यवहार से संबंधित प्राप्त शिकायत को लेकर नियमानुसार कार्रवाई हो रही है ।

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

## बदमाशों ने की पुलिस हथियार लूटने की कोशिश, आर्मी हेलीकॉप्टर किए गए तैनात



**इंफाल :** मणिपुर में एक बार फिर हिंसा की घटनाएं देखने को मिल रही है। बीते दिन जिरीबाम जिलें में पांच लोगों की हिंसा में मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति की सोते समय हत्या कर दी गई। इस बीच पुलिस ने बताया कि कुछ बदमाशों ने इंफाल पूर्वी जिले में मणिपुर राइफल्स की दो बटालियनों के शस्त्रागार से हथियार लूटने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले और खाली राउंड फायर करके भीड़ को तितर-बितर कर दिया।

पुलिस के हथियार लूटने की कोशिशः एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार देर शाम कुछ बदमाशों ने 7वीं और 2वीं मणिपुर राइफल्स बटालियन से हथियार लूटने का प्रयास किया, लेकिन संयुक्त सुरक्षा बलों ने भीड़ को सफलतापूर्वक तितर-बितर कर दिया। बाद में, जब सुरक्षा दल खाबेइसोई में स्थापित 7वीं बटालियन से लौट रहा था, तो बदमाशों ने उन पर गोलीबारी की, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए।

इसमें कहा गया है कि वरिष्ठ अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लाया। पुलिस एक बार फिर सभी से अपील कर रही है कि वे कानून को अपने हाथ में न लें। इस तरह के दुस्साहस में लिप्त बदमाशों से सख्ती से निपटा जाएगा और उन्हें गंभीर कानूनी परिणाम भुगतने होंगे।

निगरानी के लिए सैन्य हेलीकॉप्टर तैनातः इस बीच हिंसा की घटनाओं के चलते हवाई गश्त करने के लिए एक सैन्य हेलीकॉप्टर को भी तैनात कर दिया गया है और उग्रवादियों के ड्रोन को मार गिराने के लिए एंटी ड्रोन प्रणाली तैनात की गई है।

लूटे गए हथियार और गोला-बारूद बरामदः बता दें कि पिछले साल मई में मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद, हिंसक भीड़ ने मणिपुर पुलिस के शस्त्रागार और जिलों में अन्य सुरक्षा चौकियों से 4000 से अधिक अत्याधुनिक हथियार और लाखों गोला-बारूद लूट लिए थे। सुरक्षा बलों ने बाद में बड़ी संख्या में लूटे गए हथियार और गोला-बारूद बरामद किए।



# अपने उपासकों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं भगवान गणेश

भगवान श्री गणेशजी की पूजा किसी भी शुभ कार्य के करने के पहले की जाती है। मोदक इनका सर्विप्रय भोग है और चूहा इनका प्रिय वाहन है। इनकी शादी ऋद्धि तथा सिद्धि नामक के साथ हुई। इस पर्व से जुड़ी एक मान्यता यह भी है कि इस दिन के रात्रि में चंद्रमा का दर्शन करने से मिथ्या कलंक लग जाता है।

गणेश चतुर्थी हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। माना जाता है कि इस दिन विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश का जन्म हुआ था। दस दिवसीय यह त्योहार देश भर में धूमधाम से मनाया जाता है। विशेषकर महाराष्ट्र में इस पर्व को लेकर उत्साह चरम पर होता है और दस दिनों तक पूरा राज्य गणेशमय हो जाता है। शिवपुराण में कहा गया है कि भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की चतुर्थी मंगलमूर्ति गणेश की अवतरण तिथि है, जबकि गणेशपुराण के अनुसार गणेशावतार भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को हुआ था।

भगवान गणेश का स्वरूप अत्यन्त ही मनोहर एवं मंगलदायक है। वे अपने उपासकों पर शीघ्र प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। उनके अनन्त नामों में सुमुख, एकदन्त, कपिल, गजकर्णक, लम्बोदर, विकट, विघ्ननाशक, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र तथा गजानन- ये बारह नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। इन नामों का पाठ अथवा श्रवण करने से विद्यारम्भ, विवाह, गृह-नगरों में प्रवेश तथा गृह नगर से यात्रा में कोई विघ्न नहीं होता है। देवसमाज में गणेशजी को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। भगवान श्री गणेशजी की पूजा किसी भी शुभ कार्य के करने के पहले की जाती है। मोदक इनका सर्विप्रय भोग है और चूहा इनका प्रिय वाहन है। इनकी शादी ऋद्धि तथा सिद्धि नामक के साथ हुई। इस पर्व से जुड़ी एक मान्यता यह भी है कि इस दिन के रात्रि में चंद्रमा का दर्शन करने से मिथ्या कलंक लग जाता है।

गणेश चतुर्थी के दिन प्रातःकाल स्नान आदि के बाद सोने, तांबे, मिट्टी आदि की गणेशजी की प्रतिमा स्थापित की जाती है और उनका आह्वान किया जाता है। उनका तिलक कर पान, सुपारी, नारियल, लड्डु तथा मेवे चढ़ाए जाते हैं। उन्हें कम से कम 21 लड्डुओं का भोग लगाने की परम्परा है। इनमें से पांच लड्डुओं को गणेशजी के पास ही रहने देना चाहिए बाकी लड्डुओं का प्रसाद बांट देना चाहिए। सुबह और शाम को गणेशजी की आरती की जानी चाहिए और पूजन के बाद नीची नजर से चंद्रमा को अर्घ्य देकर ब्राम्हणों को भोजन कराकर यथाशक्ति दक्षिणा देनी चाहिए।

कथा- एक बार भगवान शंकर माता पार्वती के साथ नर्मदा नदी के तट पर गये और वहां पार्वती जी के साथ चौपड़ खेलने की इच्छा जताई। हार जीत का निर्णय कौन करे इसके लिए पार्वती जी ने घास के तिनकों का एक पुतला बनाकर उसे कहा कि बेटा हार जीत का निर्णय तुम्हीं करना। संयोग से तीन बार लगातार पार्वती ही जीतीं लेकिन जब निर्णय सुनाने की बारी आई तो बालक ने भगवान शंकर को विजयी बताया। इससे क्रुद्ध होकर माता पार्वती ने उसे एक पैर से लंगड़ा होने और कीचड़ में रहने का शाप दे दिया। बालक ने जब अपनी अज्ञानता के लिए माफी मांगी तो माता पार्वती को उस पर दया आ गई और उन्होंने कहा कि ठीक है यहां नाग कन्याएं गणेश पूजन के लिए आएंगी तो उनके उपदेश से तुम गणेश व्रत करके मुझे प्राप्त करोगे। इसके बाद वह भगवान के साथ कैलाश पर्वत पर चली गईं। लगभग एक वर्ष बाद श्रावण माह में नाग कन्याएं गणेश पूजन के लिए वहां आईं। नाग कन्याओं ने गणेश व्रत करने की विधि उस बालक को भी बताई तो उसने भी 12 दिनों तक गणेशजी का व्रत किया। गणेशजी उस बालक के व्रत से प्रसन्न हुए और उसे मनवांछित फल मांगने के लिए कहा।

बालक ने कहा कि भगवान मेरे पैरों में इतनी शक्ति दे दो कि मैं खुद से चल कर कैलाश पर्वत पर अपने माता-पिता के पास जा सकूं। भगवान गणेशजी ने बालक की इच्छा पूरी कर दी। जिससे बालक कैलाश पर्वत पर भगवान शंकर के पास जा पहुंचा। जब भगवान ने उससे पूछा कि वह यहां तक कैसे आया तो उसने गणेश व्रत की महिमा बता डाली। नर्मदा नदी के तट पर हुई घटना के बाद से माता पार्वती भी भगवान शंकर से अप्रसन्न चल रही थीं इसलिए भगवान शंकर ने भी गणेश व्रत किया तो माता पार्वती भागी-भागी उनके पास आईं और पूछा कि आपने ऐसा क्या किया कि मैं आपके पास भागी-भागी चली आई तो उन्होंने गणेश व्रत के बारे में बताया। इसके बाद माता पार्वती ने गणेश व्रत किया जिससे उनके पुत्र कार्तिकेय उनके पास आ गये। उन्होंने भी अपनी मां के मुख से इस व्रत के माहात्म्य के बारे में सुनकर यह व्रत किया और इस व्रत के बारे में विश्वामित्र जी को बताया। इस प्रकार इस व्रत के माध्यम से गणेशजी ने जैसे इन सभी की मनोकामना पूरी की उसी प्रकार वह इस व्रत को करने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना पूरी करते हैं।

इस पर्व से जुड़ी एक और कथा है जो इस प्रकार है- एक बार भगवान शंकर स्नान करने के लिये भोगवती नामक स्थान पर गये। उनके चले जाने के पश्चात माता पार्वती ने अपने मैल से एक पुतला बनाया जिसका नाम उन्होंने गणेश रखा। माता ने गणेश को द्वार पर बैठा दिया और कहा कि जब तक मै स्नान करूं किसी भी पुरुष को अन्दर मत आने देना। कुछ समय बाद जब भगवान शंकर वापस आये तो गणेशजी ने उन्हें द्वार पर ही रोक दिया, जिससे क्रुद्ध होकर भगवान शंकर ने उनका सिर धड़ से अलग कर दिया और अन्दर चले गये। पार्वती जी ने समझा कि भोजन में विलम्ब होने से भगवान शंकरजी नाराज हैं सो उन्होंने तत्काल दो थालियों में भोजन परोस कर शंकरजी को भोजन के लिये बुलाया। शंकरजी ने दो थालियों को देखकर पूछा कि यह दूसरा थाल किसके लिये है, तो पार्वतीजी ने जवाब दिया कि यह दूसरा था पुत्र गणेश के लिये है जो बाहर पहरा दे रहा है। यह सुनकर भगवान शंकर बोले कि मैंने तो उसका सिर धड़ से अलग कर दिया है। यह सुनकर पार्वती जी को बहुत दुख हुआ और वह भगवान महादेव से अपने प्रिय पुत्र गणेश को जीवित करने की प्रार्थना करने लगीं। तब शंकरजी ने हाथी के बच्चे का सिर काटकर बालक के धड़ से जोड़ दिया जिससे बालक गणेश जीवित हो उठा और माता पार्वती बहुत हर्षित हुईं। उन्होंने पति और पुत्र को भोजन कराकर स्वयं भोजन किया। चूंकि यह घटना भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को हुयी थी इसलिये इस तिथि का नाम गणेश चतुर्थी रखा गया।

अगर आप भी कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं तो यह लेख आपके लिए है। हरिद्वार से एकदम नजदीक है यह हिल स्टेशन। महज 2 घंटे में आप यहां पहुंच सकते है। अगर आप हरिद्वार जा रहे हैं तो आप इस हिल स्टेशन को जरुर एक्सप्लोर करें। सितंबर से लेकर नवंबर महीने तक पहाड़ों पर घूमने का अलग ही मजा आता है।

# हरिद्वार से एकदम नजदीक है ये हिल स्टेशन जन्नत से कम नहीं है

**जब** भी घूमने की बात आती है तो पहाड़ लवर हमेशा पहाड़ों पर घूमने का प्लान बनाते हैं। सितंबर से लेकर नवंबर महीने तक पहाड़ों पर घूमने का अलग ही मजा आता है। अगर आप देवभूमि हरिद्वार जा रहे हैं तो सबसे पहले इन हिल स्टेशन पर छुट्टियां बिताने जरुर जाएं। आइए इस लेख में जानते हैं हरिद्वार के नजदीक हिल स्टेशंस के बारे में। यहां का सुंदर नजारा देख आपको लगेगा की आप स्वर्ग में उतर आए है।

## मसूरी


यह हिल स्टेशन हरिद्वार से मात्र दो से ढाई किलोमीटर दूरी पर स्थित है। इस हिल स्टेशन पर जाने के बाद आप काफी सुकून महसूस करेंगे। मसूरी को क्वीन ऑफ हील्स के नाम से जाना जाता है। सितंबर से लेकर दिसबंर तक यहां घूमने का एक अलग ही मजा है। यहां आप भट्टा वाटरफॉल, मॉल रोड और कंपनी गर्डन घूम सकते है।

## ऋषिकेश

हरिद्वार के एकदम नजदीक है ऋषिकेश। यहां आप दो घंटे में पहुंच जाएंगे। ऋषिकेश को योग नगरी के नाम से जाना जाता है। यह जगह काफी खूबसूरत है और सबसे बेस्ट हिल स्टेशन माना जाता है। यहां आप त्रिवेणी घाट, राम झूला, लक्ष्मण झूला, और कई सारे आश्रम देख सकते हैं। ऋषिकेश रिवर राफ्टिंग, बंजी जपिंग और एडवेंचर के लिए जाना जाता है।

## लैंसडाउन

आपको बता दें कि, हरिद्वार से लैंसडाउन बस 108 किमी दूरी पर स्थित है। लैंसडाउन अपनी खूबसूरत प्राकृतिक वादियों और शांत वातावरण के लिए सबसे लोकप्रिय है। यहां लोग दूर-दूर से अपना समय बिताने आते हैं।



# बालों में ज्यादा तेल लगाने से हो सकता नुकसान



बालों में तेल लगाने से हेयर्स को पोषण माना जाता है। इससे बाल भी हेल्दी रहते है लेकिन अत्यधिक तेल बालों में लगाने से कई समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। कई लोगों को यह पता नहीं है, जो लोग बालों में भर-भर के तेल लगाते हैं उन लोगों को नहीं पता कि ऐसा करने से बालों को कई नुकसान होते है। आइए जानते हैं अधिक तेल बालों में लगाने से क्या नुकसान होता है।

हमने कई बार बड़ें-बुजुर्गो सुना है बालों में जितना तेल लगाएंगे उतना ही फायदेमंद होता है। वैसे तो बालों में तेल लगाने से हेयर्स काफी हेल्दी रहते है और लेकिन ज्यादा तेल लगाने से बालों को काफी नुकसान होता है। हालांकि, आज के समय में हेयर ऑयल में सबसे ज्यादा खतरनाक केमिकल होते है जिससे बालों को काफी नुकसान हो सकता है। दूसरा कारण वातावरण में मौजूद प्रदूषण के बीच आप प्रतिदिन ढेर सारा तेल लगाएंगे तो ये आपके बालों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। आइए जानते हैं बालों ज्यादा तेल लगाने से क्या होता है।



## स्कैल्प पर जमेगा तेल

आमतौर पर लोग रोजाना बालों में तेल लगाते है। ज्यादा तेल लगाने से स्कैल्प की त्वचा तैलीय हो जाती है। जिस वजह से आपके बाल चिपचिपे हो जाते और बाल कमजोर होने लगते है।

## पोर्स का बंद होना

यदि आप बालों पर अत्यधिक तेल का प्रयोग करेंगे तो आपकी स्कैल्प के पोर्स बंद हो सकते है। जिस कारण आपके बालो का विकास रुक सकता है और डैंड्रफ की दिक्कत शुरू हो जाएगी।

## बालों में गंदगी होगी जमा

प्रतिदिन ज्यादा ही तेल लगाएंगे तो आपके बालों में धूल और गंदगी जल्दी चिपकती है, जिससे बालों में संक्रमण और खुजली हो सकती है। खुजली की समस्या से आप परेशान हो सकते हैं।

## बालों का गिरना

अधिक तेल बालों में लगाने से बालों की जड़ें में वजन बढ़ता है। इस कारण से हेयर्स कमजोर होने लगते हैं। कई बार होता है कि बालों में ज्यादा तेल लगाने से उससे बाल कमजोर दिखने लगते हैं, इस कारण बाल झड़ने लगते हैं।

## फंगल इन्फेक्शन का खतरा

ज्यादा तेल लगाने से बालों गंदगी जमा हो जाती है जिस कारण से फंगल इन्फेक्शन होने का खतरा बढ़ सकता है। इससे बालों और स्कैल्प की सेहत प्रभावित हो सकती है।

# भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए रावण ने की थी शिव तांडव स्त्रोत की रचना

मान्यता के अनुसार, जो भी भक्त सच्चे मन से शिव तांडव स्त्रोत का पाठ करता है, भोलेनाथ उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि दशानन ने शिव तांडव स्त्रोत की रचना कब और कैसे की थी।

भगवान शिव के भक्त उन्हें प्रसन्न करने के लिए कई तरह से पूजा करते हैं। सोमवार का दिन भोलेनाथ को समर्पित होता है। वहीं भगवान शिव के भक्त उनकी उपासना और पूजा के लिए युगों-युगों से कई स्त्रोत की रचना की है। भोलेनाथ को समर्पित कई ग्रंथों में कई तरह के स्तोत्र की रचनाओं का उल्लेख मिलता है। लेकिन भगवान शिव को सभी रचनाओं में शिव तांडव स्त्रोत सबसे अधिक प्रसन्न होते हैं। इस स्त्रोत की रचना भगवान शिव के प्रिय भक्त रावण द्वारा रचित है। मान्यता के अनुसार, जो भी भक्त सच्चे मन से शिव तांडव स्त्रोत का पाठ करता है, भोलेनाथ उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि दशानन ने शिव तांडव स्त्रोत की रचना कब और कैसे की थी।

## ऐसे हुई शिव तांडव स्तोत्र की रचना



बता दें कि ऋषि विश्रवा की दो पत्नियां थीं और उनकी दो संतानें थी। जिनमें से एक का नाम कुबेर और दूसरे पुत्र का नाम दशानन था। लेकिन ऋषि विश्रवा ने कुबेर को लंका का सारा राजपाट ले दिया। लेकिन कुबेर लंका का राजपाट छोड़कर हिमाचल में तपस्या करने चले गए। जिसके बाद कुबेर का राजपाट दशानन को मिल गया। लंका का राजपाट मिलने के बाद रावण अहंकारी हो गया। वह अहंकार में आने के कारण ऋषियों और साधुओं पर अत्याचार करने लगा। जब रावण के अत्याचारों का पता कुबेर को चला, तो उन्होंने दशानन को समझाने का प्रयास किया। ऐसे में नाराज होकर दशानन ने कुबेर की नगरी अलकापुरी पर आक्रमण कर दिया। इस युद्ध में कुबेर को हराकर दशानन ने पुष्पक विमान छीन लिया और लंका ले जाने लगे। तभी रास्ते में कैलाश पर्वत आ गया और पुष्पक विमान रुक गया और आगे नहीं बढ़ पाता। जिसके बाद रावण कैलाश पर्वत को रास्ते से हटाने की कोशिश करने लगा। जिससे पर्वत हिलने लगता है और सभी शिवगण दशानन के पास आते हैं और रावण को ऐसा करने से रोकते हैं। लेकिन हठी रावण नंदी का अपमान कर कैलाश पर्वत को फिर से हटाने लगते हैं। वहीं भगवान शिव भी रावण की सारे हरकतों को देख रहे थे। ऐसे में रावण के घमंड को तोड़ने के लिए भोलेनाथ अपने पैर के अंगूठे का हल्का सा स्पर्श पर्वत पर करते हैं। जिससे पर्वत का भार इतना अधिक हो जाता है कि रावण उसने नीचे दबने लगा और बुरी तरह से घायल हो गया। ज्यादा दर्द के कारण वह इतनी तेज-तेज से चिल्लाने लगा। उसकी चीत्कार इतनी भीषण थी कि ऐसा लग रहा था कि प्रलय आ जाएगी।

ऐसे में रावण ने भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए शिव की स्तुति करने लगा। तब दशानन ने सामवेद में उल्लेखित भगवान शिव के सभी स्तोत्रों का गान करने लगा। रावण की स्तुति से प्रसन्न होकर भगवान शिव कैलाश पर्वत से अपने पैर का अंगूठा हटा देते हैं और रावण को दर्द मुक्त कर देते हैं। दशानन द्वारा भयंकर दर्द में गाया गया स्त्रोत सामवेद का स्त्रोत है। इसी स्त्रोत को शिव स्त्रोत या रावण स्त्रोत के नाम से जाना जाता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**



# धूमधाम के साथ गणेश पूजा संपन्न

मेट्रो रेज

**जामा :** प्रखंड के जामा, महारो, बारापलासी एवं चिकनियां में शनिवार को गणेश पूजा का आयोजन विधि विधान से किया गया। महारो चौक पर आयोजित पूजा में महाकाल ग्रुप महारो द्वारा 108 कुंवारी कन्याओं के साथ कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा पूजा पंडाल से महारो बस्ती होते हुए मयूराक्षी नदी से जल भरा गया। कमिटी सदस्यों ने बताया कि रविवार को महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा एवं सोमवार रात्रि में देवघर के टीम द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया है। साथ ही चिकनियां दुर्गा मंदिर प्रांगण में शनिवार को नव युवा समिति द्वारा गणेश पूजा काफी धुमधाम से मनाया गया। पंडित सच्चिदानंद पांडेय द्वारा विधि विधान के साथ मंत्रोपचार कर आरती करने के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। उधर जामा चौक एवं बारापलासी में भी गणेश पूजा धूमधाम से मनाया गया।

न्यूज IN ब्रीफ

## राजमहल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देने की मांग



साहिबगंजः सूबे के कृषि मत्स्य पशुपालन एवं सहकारिता व आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री दीपिका पांडे सिंह वनांचल ट्रेन से रांची जाने के क्रम में साहिबगंज स्टेशन पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनिल ओझा के नेतृत्व में कॉग्रेस के पदाधिकारी ने मंत्री दीपिका पांडे सिंह को बुके व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। वही मंत्री को साहिबगंज के कॉग्रेस संगठन के बारे में बताया और राजमहल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देने की मांग की।वही झारखंड लोकल बॉडीज एम्प्लाईज फेडरेशन के प्रदेश महामंत्री अनूप लाल हरि के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने मिलकर अपने अनिश्चितकालीन धरना के संबंध में अपना मांग पत्र सौपा। झारखंड प्रदेश महासंघ के महामंत्री अनूप लाल हरि के नेतृत्व में संघ के सदस्यों ने मांग पत्र देते हुए कहा की सरकार जल्द से जल्द वार्ता कर उनकी मांगों पर विचार करे यथा शीघ्र सरकार उनकी मांगो को पूरी करते हुए हड़ताल को खत्म करने की दिशा में ठोस कदम उठाये।मंत्री ने संघ के नेताओं से कहा कि मैं इस पर जल्द से जल्द पहल करने का प्रयास करूँगी। उनकी मांगों को सम्मान पूर्वक रखने का अश्वाशन दिया। मौके पर वरीय नेता निजामुद्दीन अंसारी,महेंद्र पासवान,पूनम किरण चौरसिया,संतोष स्वर्णकार,मुरारी ठाकुर,सखीचंद पासवान,दिनेश पासवान,राजेश केशरी,शिव हरि,आकाश चौधरी,अजीत गुप्ता,भगवान यादव,राजेश चौधरी,राजु साह,राजीव किरण,संतोष मंडल मो.अंसारुल,बादल,सहित नगर कॉग्रेस के पदाधिकारी और नगर पर्षद के संघ के सदस्य मौजूद रहे।

## शहीद सीआरपीएफ जवान मोहम्मद शहनवाज का पार्थिव शरीर आज देर शाम पहुंचेगा साहिबगंज

साहिबगंजःएंटीबायोटिक नक्सल ऑपरेशन के दौरान शहीद हुए सीआरपीएफ जवान मोहम्मद शहनवाज का पार्थिव शरीर आज हवाई मार्ग से कोलकाता पहुंचने के बाद देर शाम सड़क मार्ग से साहिबगंज पहुंचेगा। शहीद जवान के पार्थिव शरीर को सरकारी सम्मान के साथ सलामी दी जाएगी। इसके बाद मोहम्मद शहनवाज के पार्थिव शरीर कुलीपाड़ा स्थित उनके घर ले जाया जाएगा। जहां उनके घरवाले और रिश्तेदार आखरी दीदार करेंगे।इस्लामिक रीति रिवाज के मुताबिक आखिरी रसूम की कार्यवाई पूरी करने के बाद उनका जनाजा मजहर टोला के निकट स्थित कब्रिस्तान ले जाया जाएगा। नमाज ए जनाजा अदा करने के बाद उन्हें सम्मान पूर्वक सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।

## पुरुषोत्तम फुटबॉल क्लब मंझारी बनी विजेता



**चाईबासा :** शिक्षक दिवस के अवसर पर रोलाडीह मैदान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन शनिवार की शाम में हुआ. समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव मौजूद थे. विधायक सुखराम उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का उद्घाटन किया। फाइनल मैच पुरुषोत्तम फुटबॉल क्लब मंझारी भरभरिया व मुंडा फुटबॉल क्लब राईपीडी कुचाई के बीच खेला गया। निर्धारित समय में दोनों टीमों के खिलाड़ी एक भी गोल नहीं कर सके। इसके बाद दोनों टीमों के बीच पेनल्टी शूटआउट खेला गया। इसमें पुरुषोत्तम फुटबॉल क्लब मंझारी भरभरिया ने चार और मुंडा फुटबॉल क्लब तीन गोल कर पाई। इसके साथ ही पुरुषोत्तम फुटबॉल क्लब ने विजेता का खिताब जीत लिया। मुंडा फुटबॉल क्लब राईपीडी कुचाई उपविजेता रही। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक सुखराम उरांव ने प्रतियोगिता की विजेता टीम को 1,30000 रुपए एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को 80,000 रुपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार तांती, उपाध्यक्ष डुबराज सवैया, सचिव मोटू महतो, उपसचिव लक्ष्मण बांकिरा, श्रीधर महतो, कोषाध्यक्ष अनिल सामड, अंगद महतो, उपकोषाध्यक्ष नंदलाल हांसदा, बबलू महतो, संरक्षक मिलन बांकिरा, मधु सामड समेत, सह संरक्षक विनोद महतो का अहम योगदान रहा। इस दौरान मेले का भी आयोजन किया गया था। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी थी।

## राजस्व गांवों के मानकी मुंडा व ग्रामीणों में खुशी

**चाईबासा :** परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा के प्रयास से पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत खूंटपानी अंचल से सदर अंचल में शामिल किए जाने की खुशी में शनिवार को लगिया हाट परिसर में तीन पंचायत बरकेला, पण्डावीर और बड़ालागिया के ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में तीनों पंचायत के मानकी मुंडा एवं ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने खूंटपानी अंचल से सदर अंचल में शामिल किए जाने की खुशी जताते हुए मंत्री दीपक बिरुवा के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि इन तीन पंचायतों के 24 राजस्व गांवों के ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए मंत्री दीपक बिरुवा ने अपने प्रयास से इन तीन

# कुआं में मिला बेटे का शव पिता ने लगाया हत्या का आरोप

मेट्रो रेज



**जामा :** थाना क्षेत्र के खटंगी पंचायत अंतर्गत बीचकोड़ा गांव स्थित शिव मंदिर के पास कुआं से पिछले गुरुवार को सुभाष गन्धर्व का शव बरामद किया गया था। मृतक के पिता देवानंद गन्धर्व ने शुक्रवार को जामा थाना पुलिस को आवेदन देकर बेटे के हत्या का आरोप लगाते हुए हत्यारे पर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में पिता ने बताया है कि मृतक सुभाष गन्धर्व जो कि गोड्डा जिला के गंगटा गांव में सपरिवार रहता था। बीते रविवार शाम के समय में गोड्डा से बीचकोडा. आया था। सुभाष बराबर बीचकोड़ा घर आया जाया करता था। रविवार को गांव आने के बाद गांव के ही कमार टोली में लालजी राणा उम्र 32 वर्ष के घर पर जाकर मुर्गा बनाया था और उसी के घर पर बैठकर खाया पिया था। मंगलवार को बीचकोड़ा में हटिया लगता है। उसी दिन शाम करीब 7:00 बजे के आस-पास स्व.भगरु राय के घर पर सुभाष गन्धर्व बैठकर शराब पी रहा था। इसी बीच उसी गांव के बनमाली रजक उम्र 47 वर्ष आकार मेरे बेटे सुभाष गन्धर्व को अपने साथ लेकर कमार टोली लालजी राणा के घर चला गया। उसी दिन के बाद से मेरा बेटा लापता हो गया। उसके बाद मेरे बेटे का शव गुरुवार को गांव के ही शिव मंदिर से सटे कुआं से मिला। जामा थाना पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम कर परिवार को सौंप दिया था। मुझे यकीन है कि लालजी राणा एवं बनमाली रजक दोनों ने मिलकर मेरे बेटे की हत्या कर शव को कुएं में डाल दिया है।

## तीन दिवसीय गणेश मेला का उद्घाटन झामुमो नेता सह मंडरो जिप सदस्य ने किया



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/मंडरो :** सार्वजनिक गणेश पूजा के उपलक्ष पर लगने वाले तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन झामुमो नेता सह जिला परिषद सदस्य धनंजय सोरेन ने फीता काट कर किया।झामुमो नेता सह मंडरो जिला परिषद सदस्य धनंजय सोरेन द्वारा विधिवत पूजा पाठ किया गया। मिली जानकारी के अनुसार गणेश पूजा के अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया गया है। मिर्जाचौकी क्षेत्र में गणेश पूजा को लेकर लोगो में उत्साह का माहौल है। मौके पर बालेश्वर भगत,राजीव जायशवाल,प्रमोद यादव, बिरेंद्र साह समेत अन्य मौजूद थे।

## ट्रक ओनर एसोसिएशन ने नए एसपी का किया स्वागत



मेट्रो रेज

साहिबगंजः ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजारत खान सचिव अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जिला में नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह से परिसदन में भेंट कर को उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने बताया कि नए एसपी से साहिबगंज जिला में पदस्थापन को लेकर उनका स्वागत किया गया है। और जिला में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था को इस पर विचार विमर्श किया गया।वहीं एसपी अमित कुमार सिंह ने ट्टी जिला अध्यक्ष को ट्टारोसा दिलाया कि निश्चित रूप से अपराध पर अंकुश रहेगा,अपराधियों को जिला छोड़ना पड़ेगा। मौके पर उपाध्यक्ष मूङ ब्रजेश राय उर्फ गुड्डू, कोषाध्यक्ष बबलू यादव,विकाश यादव,अखिलेश यादव सहित अन्य थे।

# आरसेटी में सखी मंडल की महिलाओं को दिया गया शॉप कीपर का प्रशिक्षण

मेट्रो रेज



**जामा :** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा दुमका में उधमिता विकास कार्यक्रम के तहत 6 दिवसीय शॉप कीपर प्रशिक्षण का समापन आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने प्रतिड्डागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर किया। आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर से प्राप्त गुर को आसपास के सहयोगियों के बीच प्रचारित करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के लिए सरकार की ओर से भी आवश्यक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रविधान है। इसका लाभ लेकर भी स्वरोजगार अपनाने की सलाह दी। उन्होंने संस्थान से दो साल तक मार्गदर्शन एवं सहयोग का भरोसा दिलाया। संस्थान द्वारा सभी प्रतिभागियों को सैधन्यतिक एवं प्रयोगात्मक जानकारी दी गई। कार्यक्रम समन्वयक अमरदीप कुमार ने समूहों से जुड़ी एक एक शॉप कीपर महिलाओं को प्रशिक्षण के दौरान नियम एवं प्रतिवेदन लेखन, तराजू, सामग्री,रजिस्टर बचत से संबंधित नियम एवं समूह के लिए जरूरी सामान खरीदने और उसे रखने का नियम बनाना, दुकानों की साफ सफाई एवं बैंक से लेन-देन के नियम आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में आरसेटी के कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार ने कहा कि इंडियन बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा दुमका में आने वाले दिनों में ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट, महिला सिलाई कटाई, अगरबत्ती निर्माण,मोबाइल रिपेयरिंग, जूट के उत्पाद आदि का भी प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। आगामी अक्टूबर महीने में महिलाओं के लिए सिलाई कटाई एवं ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। इच्छुक महिलाएं जिनकी आयु 18 से 45 तक है वे जामा आरसेटी में आकर अपना पंजीयन करवा सकते है। इस मौके पर आरसेटी के संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा, अमरदीप कुमार कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार, मनोज कुमार सिंह एवं संजय सोरेन उपस्थित थे।

## ग्रामीणों की बैठक में आदिवासी समाज की स्थिति पर चर्चा

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड सड्डागार में शनिवार को प्रखंड के सभी ग्रामों की बैठक ग्राम प्रधान अध्यक्ष लक्ष्मी मुर्मू की अध्यक्षता एवं भाजपा पूर्व विधायक ताला मरांडी की उपस्थिति मेंआयोजित की गई , बैठक में जिसमें सभी ग्राम प्रधान अपने-अपने क्षेत्र एवं निजी समस्याओं को रखा बताया गया वहीं भाजपा पूर्व विधायक ताला मरांडी जिला प्रधान अध्यक्ष लज्झू मुर्मू ने कहा कि सथाल परगाना में कई तरह की घटनाएं घटती हुई देखी गई लोग अपराध करने में तुले हुए हैं। खासकर यहां के आदिम जनजाति संथाल पहाड़िया लोगों पर जादाइ ही अत्याचार हुआ है।हो रह है। हर दिन लोग प्रताड़ित हो रहे हैं। आखीरकार आदिवासी जनजाति सभी लोग बचेंगे तो कैसे बचे कोई कठोर कदम नहीं उठाया जारहा है। आदिवासी बचाने के लिए अपने समाज, घर, परिवार को मुख्य धारा कैसे लाएं चूकि संथाल प्रगाना शेडयुल क्षेत्र में पांचवी अनुसूची में ग्राम प्रधान का कितना बड़ा महत्व है इसमें प्रधान की जिम्मेवारी पुलिस प्रशासन की तरह है अपने पोषण क्षेत्र की सभी समस्या से जुड़ा होता है ग्राम प्रधान,न्याय, लोगों को जागरूक,रैयत प्रताड़ना,सुख, दुख में गांव के साथ रहना सही गलत का आंकलन करना,सभी दायित्वों का निर्वहन करना होता है। तमाम चीजों पर हम सभी ग्राम प्रधान चिंतन मंथन कर रहे हैं। अपने अधिकार और दायित्व जीवन का मुख्य धारा में आदिवासी को कैसे ले आए मोके पर प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष लछू मुर्मू, मंडल अध्यक्ष अजय भगत बाकाराम मालटो, गंगाधर मालतो, तलाकुरी मुर्मू, राजेश सोरेन, माझी मरांडी, सुमित हसदा, संजलि टुडू, रामजी राय, अनिल सोरेन, सहित दर्जनों प्रधान उपस्थित थे।

# अंचलाधिकारी ने अवैध रूप से संचालित चार वाहनो को किया जब्त, बरहरवा थाना को किया सुपुर्द

मेट्रो रेज




**साहिबगंज/बरहरवाः** देर रात्रि बरहरवा अंचलाधिकारी सन्नी कुमार दास ने अवैध परिचालित चार ओवरलोड ड्डारी वाहनों को जब्त कर बरहरवा थाना पुलिस के सुपुर्द किया है। दरअसल बरहरवा-पतना मुख्य मार्ग पतना चौक व पल्टनिया रोड से के समीप से के के एस ग्रुप कंपनी के तीन वाहन पंजीकरण संख्या एन एल01एल 0783 एन एल 01एन 2283 एवं एन एल01एल0781 को मौके से जब्त किया है,वही मोदिकोला की ओर से आ रहे एक अन्य वाहन पंजीकरण संख्या डब्ल्यू बी 57ई 7230 को ड्डी पतना चौराहे से जब्त कर लिया है। इस दौरान बरहरवा अंचलाधिकारी सन्नी कुमार दास ने बताया कि जब्त किए गए वाहनो से माइनिंग चालान की मांग की गई जिसके बाद तीन वाहनो द्वारा माइनिंग चालान दिखाया गया परन्तु माइनिंग चालान अन्य तिथि की थी वहीं एक वाहन माइनिंग चालान दिखाने में असमर्थ रहा,साथ ही वाहनो में ओवरलोड पत्थर लोड थे, इस बाबत सड्डी वाहनो को जब्त कर बरहरवा थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। विधिवत कार्यवाही हेतु कागजी प्रकिया चल रही है।इस दौरान श्री दास ने बताया कि मौके पर बरहरवा अंचलाधिकारी सन्नी कुमार दास ,बरहरवा थाना एएसआई रामानुज कुमार दल बल के साथ व अंचलकर्मी उपस्थित थे।

एसडीपीओ ने थाना प्रभारियों के साथ कि क्राइम मीटिंग


# जनसंवाद शिविर को लेकर दिए दिशा निर्देश



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवाः** संध्या मे बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंगल सिंह जमुदा के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारीयों के साथ क्राइम मीटिंग का आयोजन पतना स्थित अनुमंडल पुलिस कार्यालय में किया गया, इस दौरान श्री जमुदा ने मुख्य रूप से जिला प्रसाशन के निर्देशनुसार 10 सितम्बर को बरहरवा एवं पतना प्रखण्ड परिसर में जनसंवाद शिविर के आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों से अपील करने के निर्देश दिए एवं प्रचार प्रसार लोगों को जागरूक करते हुए अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए है।ताकि पुलिस लोगों की समस्याओं से अवगत होकर उनके समस्याओं को समाधान कराने में अपनी भूमिका निभा सके,दरअसल जनसंवाद शिविर के माध्यम से ऐसे मामले जिसमें पुलिस की मदद से समस्या का निपटारा हो सके और लोगों को सहयोग मिल सके,वहीं थाना क्षेत्र में शांतिव्यस्था बनाये रखने ,लंबित मामले का जल्द से जल्द निपटारा करने गश्ती सुचारू रूप संचालित करने वारंटियों को गिरफ्तार करने व आगामी विधासभा चुनाव की तैयारी करने के साथ साथ ऐसे मतदान केंद्र जो पूर्व से संवेदनशील है उन्हें चिन्हित करने के भी निर्देश दिए है। मौके पर बरहरवा प्रभाग पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार पोद्दार,बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ,रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव,कोटापोखर थाना प्रभारी ओम प्रकाश चौहान एवं बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार उपस्थित थे।

# 'तुम्बाड' फिर से 13 सितंबर को थिएटर में वापस आएगी, नया पोस्टर जारी




**सोहम शाह** ने 'तुम्बाड' को फिर से रिलीज करने के इशारे के साथ एक नया पोस्टर जारी कर फैंस को रोमांचित कर दिया है। 2018 में पहली बार रिलीज हुई इस फिल्म को पौराणिक कथाओं, डरावनी कहानी और लालच की अनोखी थीम के लिए काफी सराहना मिली थी। अब दर्शक इसकी जादुई कहानी का अनुभव फिर से कर पाएंगे, जब यह फिल्म 13 सितंबर को फिर से थिएटर में वापस आएगी।

कैची पोस्टर और मच अवेटेड ट्रेलर के साथ फैंस और दर्शकों को थ्रिल करने के बाद मेकर्स ने अब एक और जबरदस्त पोस्टर जारी किया है, जो दर्शकों को तुम्बाड की खौफनाक दुनिया में ले जाएगा। पोस्टर में एक बूढ़ी महिला की दिखाई गई डरावनी छवि कहानी को आगे बढ़ाने वाले गहरे लालच का संकेत देती है। फिल्म की टैगलाइन 'दादी, कहां है खजाना?' साफ तौर से बताती है कि छिपे हुए खजाने को पाने के लिए कितना जुनून है। यह पोस्टर अपने डरावने रूप और परेशान करने वाले एहसास के साथ एक मजबूत प्रभाव डाल रहा है।

'तुम्बाड' क्रिटिक्स के बीच एक बड़ी हिट बन गई। इसे 64वें फिल्मफेयर अवार्ड्स में आठ नॉमिनेशन मिले और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी, बेस्ट आर्ट डायरेक्टर और बेस्ट साउंड डिजाइन के लिए तीन अवार्ड जीते। यह 75वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के क्रिटिक्स वीक सेक्शन में प्रीमियर होने वाली पहली भारतीय फिल्म भी थी।

चूंकि, यह फिल्म फिज से रिलीज होने के लिए तैयार है, जो इंडियन सिनेमा में किसी भी दुनिया से अलग अनुभव करने का एक अनोखा और खास मौका है। यह फिल्म 2024 में किसी भी ऑनलाइन स्ट्रीमिंग पर अवेलेबल नहीं है, ऐसे में सिनेमाघरों में ₹तुम्बाड₹ को देखने का यह मौका बेहद खास है। तुम्बाड का डायरेक्शन राही अनिल बर्वे ने किया है, जबकि आनंद गांधी इसके क्रिएटिव डायरेक्टर और आदेश प्रसाद को-डायरेक्टर हैं। मितेश शाह, प्रसाद, बर्वे और गांधी की लिखित इस फिल्म को सोहम शाह, आनंद एल. राय, मुकेश शाह और अमिता शाह ने प्रोड्यूस किया है। सोहम शाह के साथ इस फिल्म में ज्योति मालशे और अनीता दाते-केलकर भी हैं।

## थलापति विजय की फिल्म गोट ने की बंपर ओपनिंग

# वर्ल्ड वाइड कमाए 126 करोड़



**थलापति** विजय ने साल 2024 की अपनी पहली फिल्म ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम से धमाका मचा दिया है. इससे पहले साल 2023 में इसी समय में रिलीज हुई फिल्म लियो से विजय ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई का अंबार लगाया था. वहीं, ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम ने अपनी रिलीज का एक दिन पूरा कर लिया है. ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम ने ओपनिंग डे पर शानदार कलेक्शन किया है. ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम बीती 5 सितंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज हुई है.

.थलापति विजय की फिल्म ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम ने पहले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 43 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. इसमें फिल्म ने अपने घर तमिलनाडू में सबसे ज्यादा 38.3 करोड़ रुपये कमाए हैं. फिल्म ने तेलुगू में 3 करोड़ और हिंदी में 1.7 करोड़ का कलेक्शन किया है. ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की पहली दिन की कमाई का यह आंकड़ा सैकनिल्क ने जारी किया है.ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम ने एडवांस बुकिंग में ग्लोबली 50 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया है. वहीं, यूएस में एडवांस बुकिंग में टिकट सेल कर 5.5 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. गोट ने वर्ल्डवाइड 126.32 करोड़ रुपये के ग्रॉस कलेक्शन से खाता खोला है. विजय की लियो ने वर्ल्डवाइड 142 करोड़ रुपये से खाता खोला था. इंडिया में लियो ने 64.8 करोड़ रुपये ओपनिंग की थी, जिसका रिकॉर्ड ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम नहीं तोड़ पाई है.एजीएस एंटरटेनमेंट बैनर तले बनी फिल्म ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम का बजट लगभग 400 करोड़ रुपये बताया जा रहा है. फिल्म में विजय के साथ प्रभुदेवा, प्रशांत, स्नेहा और मीनाक्षी चौधरी लीड रोल में हैं. फिल्म में कई सरप्राइजिंग कैमियो भी हैं.



## कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' को मिली हरी झंडी

# 3 कट और 10 बदलाव के साथ रिलीज होगी फिल्म

कंगना रनौत काफी समय से अपनी मच अवेटेड अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर खबरों में छाई हुई हैं, जिसके सर्टिफिकेट को रोक दिया गया था. वहीं, अब एक्ट्रेस के फैंस के लिए बड़ी खुश खबरी ये है कि सीबीएफसी की ओर से 'इमरजेंसी' को रिलीज की हरी झंडी मिल चुकी है.


**एक्ट्रेस** से सांसद बनीं कंगना रनौत काफी समय से अपनी मच अवेटेड अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं. रिलीज से पहले ही फिल्म के ट्रेलर को लेकर काफी विवाद खड़ा हो गया. जहां कुछ दलों के नेताओं ने फिल्म पर रोक लगाने की मांग की. इतना ही नहीं, कंगना ने खुद एक वीडियो जारी कर ये बताया था कि सीबीएफसी की ओर से उनकी फिल्म को मिलने वाले सर्टिफिकेट को रोक दिया गया है, जिसकी वजह से फिल्म अपने तय समय पर रिलीज नहीं हो पाई.

वहीं, अब कंगना के फैंस के लिए बड़ी खुश खबरी ये है कि सीबीएफसी की ओर से 'इमरजेंसी' को रिलीज की हरी झंडी मिल चुकी है. जी हां, कंगना की फिल्म को सीबीएफसी की ओर से वअ सर्टिफिकेट मिल गया है. विवादों के चलते कंगना की 'इमरजेंसी' की रिलीज डेट टल गई थी, जो पहले 6 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन अब सेंसर बोर्ड ने इसमें कुछ कट और बदलाव किए हैं. सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने फिल्म को 'वअ' सर्टिफिकेट दिया है, लेकिन इसके लिए 3 कट और कुल 10 बदलाव किए गए हैं.

# एकता कपूर ने बदल दी अनीता हसनंदानी की जिंदगी

**एकता कपूर** ने बदल दी अनीता हसनंदानी की जिंदगी
अभिनेत्री अनीता हसनंदानी ने खुद पर कंटेंट क्वीन एकता कपूर के आध्यात्मिक प्रभाव के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने तिरुपति बालाजी में विश्वास करना शुरू किया।अनीता टीवी होस्ट और रेडियो उद्घोषक सिद्धार्थ कन्नन के पॉडकास्ट पर दिखाई दीं।वीडियो में दिखाया गया कि सिद्धार्थ अनीता से पूछते हैं, एकता बहुत आध्यात्मिक और धार्मिक है...आप भी उतने हो?अनीता ने जवाब देते हुए कहा, उतनी नहीं हूं, लेकिन उनकी संगत में थोड़ी बहुत हूं।

असल में मैंने सिद्धिविनायक मंदिर इसलिए जाना शुरू किया क्योंकि वह जाती हैं।उन्होंने कहा, मुझे तिरुपति बालाजी में आस्था है, क्योंकि वह इसमें आस्था रखती हैं। मैंने अपने जीवन में जो चमत्कार हुए हैं, उन्हें भी देखा है। मैं कुछ स्तर पर आध्यात्मिक हूं। मैंने पत्थर पहनने की कोशिश की, लेकिन अगर दिल ही साफ नहीं हो, तो यह काम नहीं करेगा।सिद्धार्थ ने आगे अनीता के साथ हुए चमत्कारों के बारे में पूछा।अनीता ने कहा, मैंने साउथ में नुव्वु नेनु फिल्म की थी। वो फिल्म अब हिंदी में बनाने जा रहे थे, लेकिन मुझे हिंदी में बनने वाली फिल्म के लिए कास्ट नहीं किया गया। उन्होंने मेरी जगह तुषार कपूर और तारा शर्मा को शामिल कर लिया। उनके इस कदम से मैं काफी निराश थी। इस फिल्म की शूटिंग 25 दिनों तक लगातार हुई।उन्होंने कहा, आप कल्पना कीजिए कि फिल्म का तेलुगू वर्जन में मैंने किया , लेकिन अफसोस हिंदी वर्जन किसी और से कराया जा रहा है, इसलिए मैं तिरुपति बालाजी गई और मैंने प्रार्थना की कि यह फिल्म मुझे मिले। जब मैं मंदिर से आकर अपनी कार में बैठी, तो मुझसे कहा कि वे इस काम के लिए फिट नहीं है? क्या तुम यह करोगी?फिल्म नुव्वु नेनु की शूटिंग फिल्म निर्देशक तेजा द्वारा की गई थी। फिल्म में उदय किरण मुख्य भूमिका में थे, जबकि सुनील, बनर्जी, तनिकेला भरणी, धर्मवरपु सुब्रमण्यम और तेलंगाना शकुंतला अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।तेजा द्वारा निर्देशित 2003 की ये दिल नुव्वु नेनु की आधिकारिक रीमेक थी।उन्होंने 2003 की थ्रिलर कुछ तो है से हिंदी फिल्म में डेब्यू किया। अनीता निन्ने इष्टपद्नु, आदंथे एडो टाइप, कृष्णा कॉटेज, सिलसिले, कोई आप सा, जस्ट मैरिड, अहा ना पेलंता!, रागिनी एमएमएस 2 जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। अनीता इन दिनों टीवी शो सुमन इंदौरी में नजर आ रही हैं।





# माता-पिता बनने से पहले रणवीर-दीपिका ने किए सिद्धिविनायक के दर्शन

रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण बॉलीवुड के सबसे चर्चित कपल हैं। दोनों की मुलाकात 'रामलीला' के सेट पर हुई थी और 2018 में उन्होंने शादी कर ली। शादी के पिछले छह साल बाद अब इस कपल के घर एक नया मेहमान आने वाला है। हाल ही में रणवीर और दीपिका ने अपना मैटरनिटी फोटोशूट कराया। दीपिका ने पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि वह और रणवीर सितंबर में माता-पिता बनने वाले हैं। दीपवीर किसी भी शुभ कार्य से पहले मुंबई के मशहूर सिद्धिविनायक मंदिर जाते हैं। जब उनकी शादी हुई तो उन्होंने अपने जीवन की शुरूआत सिद्धिविनायक के दर्शन से की। अब अपनी दुनिया में नए मेहमान के आने से पहले कपल ने सिद्धिविनायक के दर्शन किए।

शनिवार को गणेश चतुर्थी पर रणवीर और दीपिका ने अपने परिवार के साथ सिद्धिविनायक के दर्शन किए। ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इसमें दीपिका सोने की कढ़ाई वाली हरे रंग की साड़ी में नजर आ रही हैं, जबकि रणवीर सिंह सफेद कुर्ते में नजर आ रहे हैं। एक वीडियो में रणवीर और दीपिका सिद्धिविनायक मंदिर में प्रवेश करते हुए अपने आस-पास के लोगों का अभिवादन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो के अंत में रणवीर दीपिका का हाथ पकड़कर उन्हें मंदिर की ओर ले जाते नजर आ रहे हैं।

एक अन्य वीडियो में रणवीर और दीपिका सिद्धिविनायक मंदिर में आरती में भाग लेते नजर आ रहे हैं। रणवीर आरती में लीन हैं और तालियां बजा रहे हैं। इस बीच दीपिका हाल ही में फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में नजर आईं। वह अजय देवगन के साथ फिल्म 'सिंघम अगेन' में भी नजर आएंगी। रणवीर सिंह फिल्म 'डॉन 3' में नजर आएंगे।

# ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे और आखिरी टी20 में स्कॉटलैंड को 4 विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से जीती

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे और आखिरी टी20 में स्कॉटलैंड को 4 विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली. तीसरे और आखिरी टी20 में ऑस्ट्रेलिया की ओर से युवा ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने जबरदस्त परफॉर्मेंस दी. ग्रीन ने पहले गेंदबाजी में स्कॉटलैंड के तीन बल्लेबाजों को आउट किया. इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने नाबाद अर्धशतक ठोककर अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई. ग्रीन के ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. स्कॉटलैंड की टीम लगातार तीन मैच हारकर सीरीज भी गंवा बैठी.



स्कॉटलैंड की ओर से रखे गए 150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 16.1 ओवर में 4 विकेट खोकर 153 रन बनाकर मैच अपने नाम कर ली. ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही और युवा ओपनर फ्रेजर मैकगर्क लगातार दूसरे मैच में फ्लॉप रहे. मैकगर्क को ब्रेडले ने खाता भी नहीं खोलने दिया. इसके बाद विस्फोटक ओपनर ट्रेविस हेड भी 18 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए. दोनों ओपनर के विकेट जल्दी जल्दी गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने कैमरन ग्रीन के साथ मोर्चा संभाला.

मिचेल मार्श ने कैमरन ग्रीन के साथ मिलकर 61 रन की साझेदारी कर स्कोर को 79 पर पहुंचाया. मार्श ने 23 गेंदों पर 3 चौकों और दो छक्कों की मदद से 31 रन बनाए. मार्श के आउट होने के बाद कैमरन ग्रीन को टिम डेविड का साथ मिला. दोनों बल्लेबाज स्कोर को 131 पर ले गए. इसके बाद डेविड 25 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. उन्होंने दो चौके और एक छक्का लगाया. ग्रीन 39 गेंदों पर 62 रन बनाकर नाबाद लौटे. उन्होंने अपनी पारी में 2 चौके और पांच छक्के लगाए. एरोन हार्डी 11 रन पर नाबाद रहे.

इससे पहले स्कॉटलैंड ने ब्रैंडन मैकुलेन के 56 रन के दम पर 9 विकेट पर 149 रन बनाए. मैकुलेन ने 39 गेंदों पर तीन चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से ये पारी खेली. ओपनर जॉर्ज मुंशे ने 25 रन की पारी खेली वहीं मार्क वाट 18 रन बनाकर आउट हुए. ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्रीन ने 4 ओवर में 35 रन देकर 3 विकेट चटकाए वहीं एरोन हार्डी और शॉन एबट ने दो दो खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा.

## नेशनल तैराकी में मप्र की दुर्विशा पवार ने एक स्वर्ण सहित जीते तीन पदक

**भोपाल।** नई दिल्ली स्थित ताल कटोरा स्टेडियम में 04 से 07 सितम्बर तक आयोजित केवीएस नेशनल तैराकी प्रतियोगिता-2024 में शनिवार को मध्यप्रदेश राज्य ट्रायथलॉन अकादमी भोपाल की खिलाड़ी दुर्विशा पवार ने तैराकी में शानदार प्रदर्शन कर एक स्वर्ण और दो रजत समेत कुल तीन पदक अर्जित किये। प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दुर्विशा पवार के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। दुर्विशा पवार खेल अकादमी की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। वह पूर्व में जूनियर वर्ल्ड ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। दुर्विशा पवार खेल अकादमी के प्रशिक्षक कैप्टेन मनोज झा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत है।

**पैरालम्पिक में प्राची यादव ने फाइनल मुकाबले में प्राप्त किया 8वां स्थान :** वहीं, फ्रांस के पेरिस में चल रहे पैरालम्पिक गेम्स-2024 के व्हीएल-2 200 मीटर इवेन्ट में शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश राज्य क्वार्टर स्पोर्ट्स अकादमी की खिलाड़ी प्राची यादव ने 8वां स्थान अर्जित किया। यह प्राची का दूसरा पैरालम्पिक है। इससे पूर्व टोक्यो ओलम्पिक-2020 में प्राची ने देश का प्रतिनिधित्व किया था। व्हीएल-2 200 मीटर इवेन्ट में प्राची यादव ने 1:08:55 सेकेण्ड समय लेकर 8वां स्थान प्राप्त किया।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्राची यादव के विपरीत परिस्थितियों में भी किये गये प्रयास को सराहा है। प्राची ओलम्पिक जाने से पहले आंखों की समस्या से जूझ रही थीं। विपरीत परिस्थितियों में प्राची ने क्वार्टर एवं सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में 8वें स्थान पर रहीं, यह प्रयास भी काफी सराहनीय रहा।



## अल्पसंख्यक महासम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**चान्हो:** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में अल्पसंख्यक अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रखंड अध्यक्ष मो. इस्तियाक, पीसीसी डेलीगेट मचकुर आलम सिद्दीकी, अल्पसंख्यक जिला ग्रामीण के शमीम अख्तर अंसारी, युवा अध्यक्ष इरशाद खान, मौलाना अबुल कलाम, मौलाना अहमद, मीडिया प्रभारी साबिर अंसारी, जुल्फिकार अली और हफीज अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में विशेष चर्चा का विषय आगामी अल्पसंख्यक महासम्मेलन था, जिसका आयोजन 19 सितंबर 2024 को वीर शहीद बुधु भगत इंटर कॉलेज मैदान में किया जाएगा। इस महासम्मेलन में आगामी विधानसभा चुनावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी, और इसमें अल्पसंख्यक समुदाय की भूमिका पर विशेष जोर दिया जाएगा। सम्मेलन में झारखंड के पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की और मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह महासम्मेलन आगामी चुनावों के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें पार्टी की आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने सम्मेलन की तैयारियों को लेकर अपनी जिम्मेदारियों को साझा किया और इसे सफल बनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

## भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बीएड सत्र 2022-24 का विदाई समारोह संपन्न

**मांडर:** भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा संचालित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कंदरी में बीएड. सत्र 2022-24 के छात्रों का विदाई समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय की अध्यक्ष छवि सिन्हा, सचिव नितिन पराशर और शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सचिव नितिन पराशर ने अपने संबोधन में छात्रों को जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना करने के लिए मानसिक रूप से मजबूत रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कठिन समय में सकारात्मक और प्रेरणादायक विचारों के माध्यम से मन को सुदृढ़ किया जा सकता है। शैक्षणिक सचिव एवं प्राचार्या दीपाली पराशर ने सफलता प्राप्त करने के लिए विश्वास, दृढ़ संकल्प और शांति की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सृजनशीलता मौन से उपजती है, जो अंततः शांति और दृढ़ संकल्प की ओर ले जाती है। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का भरपूर मनोरंजन किया। नृत्य, संगीत, खेल और कविताओं के माध्यम से छात्रों ने विदाई समारोह को यादगार बना दिया। इस मौके पर स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड नितिश कुमार को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन दिव्या पांडेय और मोहित प्रकाश ने किया, जबकि साउंड ऑपरेशन की जिम्मेदारी इमरोज ने संभाली। समारोह में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर इस खास दिन को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

## वृद्ध महिला की मौत की जांच में जुटी पुलिस



**बानो:** सिमडेगा जिले के बानो थाना क्षेत्र अंतर्गत कनारोवां पंचायत के समीप लगभग 50 वर्षीय महिला की धारदार हथियार से की गई, हत्या मामले में पुलिस जुट गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निम्मी लुगुन पति स्वर्गीय बेबे लुगुन कनारोवां स्कूल, कनारोवां पंचायत के पीछे बस्ती की महिला की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी थी। इस मामले की बानो थाना को जानकारी प्राप्त होते ही बानो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया उधर प्रशासन मामले की छानबीन में जुट गई।

## भाजपा का मै हूं पन्ना प्रमुख अभियान प्रारंभ



**सिमडेगा:** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में 8 एवं 9 सितंबर को बूथों पर बैठक की जाएगी और पन्ना प्रमुख बूथ सूची सत्यापन वाट्सएप ग्रुप बनाने सहित कई कार्य किये जायेंगे।

इसी निमित्त जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अगवाई में जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता विभिन्न मंडलों का दौरा कर मैं हूँ पन्ना प्रमुख अभियान चलाया,साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र मैं शामिल करने के लिए सुझाव आमंत्रित करने हेतु प्रपत्र भरने की शुरूआत की गई।

मौके पर जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा कि 8 एवं 9 सितंबर को पूरे प्रदेश में भाजपा संगठन द्वारा बूथों में बैठक की जाएगी और बूथों का सत्यापन किया जाएगा साथ ही घोषणा पत्र में शामिल करने के लिए सुझावों को आमंत्रित किया जाएगा इसके लिए बॉक्स हर मंडल में दिए गए हैं और पत्रक भी दिए गए हैं भारतीय जनता पार्टी संगठन के कार्यकर्ता चुनावी तैयारी में जुट गए हैं इस बार जिले में दोनों विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी विजयी होगी।मौके पर तोरपा विधानसभा प्रभारी दुर्गविजय सिंह देव अनुप प्रसाद नवीन सिंग पाकरटांड़ मंडल निकुंज बिहारी सिंह अध्यक्ष बीरू मंडल अध्यक्ष मुकेश पंडा मौजूद थे।

# जिले की बिजली समस्या को लेकर बिजली विभाग के मुख्य सचिव व जीएम से मिले विधायक

### जले हुए ट्रांसफॉर्मरो को जल्द बदलने,सभी 10 केवी ट्रांसफार्मर को 25 केवी में बदलने तथा बिजली बिल से संबंधित समस्या के त्वरित निष्पादन का आग्रह

**मेट्रो रेज**



**कोलेबिरा:** विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने बिजली विभाग के मुख्य सचिव अविनाश कुमार एवं जीएमके के वर्मा से मिलकर कोलेबिरा विधानसभा में उत्पन्न बिजली की समस्याओं पर बात की। जिसमे समस्त जले हुए ट्रांसफॉर्मर को जल्द बदलने,सभी 10 केवी ट्रांसफार्मर को 25 केवी में बदलना तथा बिजली बिल से संबंधित समस्या का त्वरित निष्पादन करने को कहा।

सिमडेगा जिले में बिजली बिल की जो समस्या आ रही थी, उसपे भी विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने संज्ञान में लेते हुए झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजना 200 यूनिट बिजली बिल माफी योजना तथा पुराना बकाया पुरा बिजली बिल को मांफी योजना का लाभ सभी उपभोक्ता को देने का निर्देश दिया।

मौके पर विधायक से बात कर कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होते हुए। तत्काल जीएम केके वर्मा ने कार्यपालक अभियंता से जिले में जले हुए सभी ट्रांसफॉर्मर की लिस्ट मांगी और त्वरित समाधान का भरोसा विधायक कोनगाड़ी को दिलाया। कोलेबिरा विधायक के द्वारा कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में सैंतालीस (47) जले हुए 25,63,100 तथा 200 के वी ट्रांसफार्मर हैं।उनकी लिस्ट विधायक ने मुख्य सचिव एवं जी एम को दिया।वहीं आठ(8) 10 के वी ट्रांसफॉर्मर हैं उसको भी 25 के वी में बदलने के लिए उसकी भी लिस्ट अधिकारियों को दिया गया।वर्कशॉप में मिस्त्री,सुपरवाइजर तथा ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग के लिए सामग्री की जो समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं,उनके त्वरित निष्पादन करने की बात कही।

मुख्य सचिव एवं जीएम ने इन सभी बिजली से संबंधित सभी समस्याओं के त्वरित निष्पादन करने की बात कही।साथ ही जिले में होने वाले विद्युतीकरण के टेंडर प्रक्रिया की भी जानकारी को विस्तार से विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी को बताई कि अभी जो टेंडर प्रक्रिया हुई है उसमें सभी 10 5केवी 25केवी में कन्वर्शन करना है,सभी जले हुए 25 केवी ट्रांसफार्मर को बदलना और सभी 2 फेज लाइन को 3 फेज में बढ़ाना है। सभी लाइन का केबलिंग का कार्य करना है। विद्युतीकरण से वंचित छात्रों के बारे मे बताया कि जिन क्षेत्रों में विद्युतीकरण कार्य नहीं हुआ है, उन क्षेत्रों में भी विद्युतीकरण का कार्य बहुत जल्द शुरू हो जाएगा। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बिजली बिल माफी योजना के अंतर्गत 200 यूनिट तक बिजली जलाने पर बिजली बिल माफी योजना के बारे बताया कि ये योजना जिले में लागू हो गई है,परंतु बिना मीटर के इस योजना का लाभ दे पाना मुश्किल है। जिनका मीटर लगा है उनको इस योजना के तहत इस योजना का लाभ देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।साथ ही पुराना पुराना बकाया बिजली बिल भी माफ करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### अधिवक्ताओं के पक्ष में हेमंत सरकार का ऐतिहासिक फैसला

## अधिवक्ताओं को मिलेगा पेंशन और बीमा योजना का लाभः जीपी

**मेट्रो रेज**



**पश्चिमी सिंहभूम:** चुनावी माहौल में हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य के हर वर्ग को खुश करने का फैसला लिया है। एक तरफ आम जनता को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। दूसरी तरफ सरकारी कर्मचारियों को खुश करने का प्रयास किया गया। अब हेमंत सरकार ने अधिवक्ताओं के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला लेकर एक नया आयाम गढ़ दिया है। शनिवार को उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता के निर्देश पर पश्चिम सिंहभूम के जीपी जीपी पवन कुमार शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार को धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि समिति द्वारा निबंधित वैसे अधिवक्ता जो 65 वर्ष से अधिक उम्र के बाद लाइसेंस सरेंडर कर देते हैं, उन्हें पेंशन स्कीम से जोड़ा गया है।

अधिवक्ता कल्याण निधि समिति द्वारा वैसे अधिवक्ताओं को 7000 प्रति माह का पेंशन दिया जाता था। राज्य सरकार ने इसी पेंशन के समतुल्य राशि वर्ष 2024-25 में एक करोड़ 60 लाख रुपए की अनुदान राशि स्वीकृत की है। अब पेंशनधारी अधिवक्ताओं को 14000 रुपये प्रति माह का पेंशन मिलेगा। हर किसी को मिलेगा लाभ इसके अतिरिक्त झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि समिति के अंतर्गत निबंधित नए अधिवक्ताओं को प्रथम 3 वर्ष की अवधि तक स्टाइपेंड के रूप में 1000 की जगह 5000 प्रतिमाह दिये जायेंगे। इस राशि की 50 फीसदी की समतुल्य राशि राज्य सरकार के द्वारा दिए जाने की स्वीकृति वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की गयी है। कुल 1 करोड़ 50 लाख रुपये का अनुदान अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति को भेजा जायेगा। स्वास्थ्य बीमा योजना से अधिवक्ताओं को मिलेगा लाभ तीसरा फैसला स्वास्थ्य बीमा योजना से जुड़ा हुआ है। उच्च न्यायालय के स्तर पर गठित झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि समिति के अंतर्गत निबंधित अधिवक्ताओं को इस योजना के तहत 500000 की स्वास्थ्य चिकित्सा प्रदान की जायेगी। इस मद में 9 करोड रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गयी है। जीपी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि झारखंड देश का पहला राज्य है जहां हेमंत सोरेन की सरकार ने अधिवक्ताओं के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला लिया है।



## लोगों के दु:ख का साथी बनेः मुनेश्वर तिर्की

**सिमडेगा:** स्व. राम सिंह, पत्नी गौरी देवी, पुत्री सुनीता कुमारी उम्र 14 वर्ष, पुत्र नीलांबर सिंह 12 वर्ष, पुत्र दिगंबर सिंह वर्ष 10 , पुत्र राज कुमार सिंह 8 वर्ष ग्राम कन्जोगा पतियातोली के निवासी हैं। उनके पिता का निधन आपसी विवाद मे ंहो गया था। इस दुख की घड़ी में आज कमावन में जाकर भाजपा एसटी मोर्चा जिला मंत्री मुनेश्वर तिर्की ने परिवार वालो को जाकर के सुखा राशन देकर सहयोग करते हुए, मुनेश्वर तिर्की ने कहा कि इनके छोटे- छोटे बच्चे हैं। इनको और मदद की जरूरत है। मैं अपने स्तर से और मेरे भाजपा परिवार की ओर से जितनी भी मदद करनी पड़ेगी हम लोग हमेशा साथ देंगे। मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रूपलाल महतो, भाजयुमो मंडल महामंत्री महेश सिंह, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष सखी लोहरा एवं परिवार जन उपस्थित थे।

## महागठबंधन की सरकार राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैः बिपीन पंकज मिंज



**ठेठईटांगर :** प्रखंड के राजाबासा पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर का उद्घाटन अतिथि रूप से उपस्थित प्रमुख सह कांग्रेस नेता बिपिन पंकज मिंज, उपप्रमुख जॉजीर्ना समद,सीओ कमलेश उरांव, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मो वाहिद, मुखिया बसंत समद आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने अपने संबोधन में कहा कि जेएमएम-कांग्रेस महागठबंधन की हमारी राज्य सरकार राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आम लोगों को परेशानी न हो इसके लिए सरकार ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया। इसके माध्यम से प्रखंड से संचालित हर योजनाओं को पंचायत स्तर पर लाकर लोगों को सहजता से लाभ मिले यह सुनिश्चित करने का कार्य किया। मौके पर अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, उपप्रमुख जोर्जिना समद मुखया बसंत समद के अलावा अन्य कर्मी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे

## आयिरन एक्का ने अरानी पंचायत का भ्रमण कर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**सिमडेगा:** झारखंड पार्टी केंद्रीय महिला अध्यक्ष सह सिमडेगा विधानसभा उम्मीदवार आयिरन एक्का ने अरानी पंचायत के फुलवाटांगर गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं हर संभव मदद का भरोसा दिया ।मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास सिर्फ और सिर्फ झारखंड पार्टी ही कर सकती है ।उन्होंने लोगों से जाति और धर्म से उठकर केवल और केवल विकास के नाम पर वोट देने की अपील की। झारखंड पार्टी के पक्ष में भारी मतों से मतदान कर के विजय बनाने का आग्रह।

मौके पर पूर्व मुखिया बिरसा टोप्पो, दिव्या डुंगडुग रंजन डुंगडुंग, सुधीर कुल्लू मुकेश



पाइक अब्राहम सोरेग सीताराम सिंह नारायण पाईक नीलिमा किंडो, पूनम हेंब्रम प्रतिमा हेंब्रम तनीषा टोपनो अलीशा डुंगडुग सहित सैकड़ो ग्रामीणो ने झारखंड पार्टी से प्रभावित होकर थामा झारखंड पार्टी का दामन एवं दिया झारखंड पार्टी के पक्ष में मतदान करने का भरोसा। मौके पर झारखंड पार्टी के वरिष्ठ सलाहकार अभय विश्वकर्मा,अनिमा,कृष्ण प्रसाद,लुसेना हेमरोम, तेरसा हेमरोम अनुपम मिंज उपस्थित थे।

# वरीय आईपीएस अधिकारी विमल किशोर सिन्हा ने बेहतर व्याख्याता के साथ-साथ उत्कृष्ट आईजी के रूप में अपनी सशक्त पहचान बनायी

**बिनय मिश्रा**




**शिक्षा** अनमोल धरोहर है। शिक्षा जीवन के बेहतर लक्ष्य प्राप्ति का सशक्त माध्यम है। कुशल और लोकप्रिय शिक्षक हमेशा अपने उत्कृष्ट व्यवहार और पढ़ाने की कला से पहचाने जाते हैं और वही शिक्षक अगर आईपीएस अधिकारी बनकर उसी जिला में पदस्थापित हों जहां उन्होंने कभी विद्यार्थियों को पढ़ाया था तो यह दृश्य केवल फिल्म में ही दिखाई पड़ता है किन्तु यह सत्य है कि झारखण्ड के एक ऐसे आईपीएस अधिकारी हैं जिनका नाम विमल किशोर सिन्हा है। उन्होंने जिला मुख्यालय चाईबासा स्थित बहुप्रसिद्ध टाटा कॉलेज चाईबासा में छात्रों को विज्ञान की शिक्षा दी और संयोग देखिए श्री सिन्हा बाद में पुलिस विभाग में चले आयें। भारतीय पुलिस सेवा 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी विमल किशोर सिन्हा अविभाजित बिहार के समय औरंगाबाद तथा पश्चिम सिंहभूम चाईबासा, सरायकेला, खरसवां तथा पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर, साहेबगंज के लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक रह चुके तथा डीआईजी के साथ-साथ आईजी पद पर पदस्थापित होकर सेवानिवृत हुए। श्री सिन्हा कुछ माह पूर्व चाईबासा मुख्यालय आयें तो मैं भी उनके साथ रहा उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि वे जब टाटा कॉलेज में जब प्रोफेसर थे तब उस समय यह जिला काफी सुनसान और भीड़भाड़ से वंचित था। वे जब शाम को टाटा कॉलेज से शहर की ओर पैदल निकलते थे तब उस समय रास्ते में अक्सर साँपों से सड़क पर दिखाई पड़ते थे क्योंकि घनी आबादी नहीं रहने के कारण यह क्षेत्र काफी सुनसान था। किन्तु वे जब पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के एसपी बनकर जिला आयें तब उस समय ही चाईबासा काफी विकसित हो चला था। श्री सिन्हा पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के 55वें पुलिस अधीक्षक के रूप में अविभाजित बिहार के समय पदस्थापित हुए और फिर झारखण्ड का निर्माण हुआ। श्री सिन्हा अनुशासनप्रिय प्रोफेसर के साथ-साथ बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हमेशा बेहतर और सार्थक प्रयास किया। टाटा कॉलेज के पुराने यादों को साझा करने के बाद श्री सिन्हा समाहरणालय के नये भवन भी गयें और वर्तमान पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर से भी मिलें। यह दृश्य निश्चित तौर पर काफी अलौकिक था और मैं भी इसका गवाह बना। श्री सिन्हा आईजी पद से सेवा निवृत हुए वे जहां भी पदस्थापित हुए अपने बेहतर कार्य और उत्कृष्ट कार्यप्रणाली से हमेशा विभाग और राज्य को गौरवान्वित किया ऐसे आईपीएस अधिकारी से निश्चित तौर पर राज्य भी गौरवान्वित होता है। बिहार के नवपदस्थापित डीजीपी आलोक राज के साथ भी श्री सिन्हा गुमला में पदस्थापित रहें। श्री राज और श्री सिन्हा एक ही बैच के आईपीएस अधिकारी अर्थात 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। 30 अगस्त को जब बिहार के डीजीपी के रूप में आलोक राज पदस्थापित हुए तब श्री सिन्हा ने आलोक राज को अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी।

न्यूज IN ब्रीफ

## सैमसंग ह्यसॉल्व फॉर टुमॉरो 2024 ने 10 फाइनलिस्ट टीमों की घोषणा की

**रांची :** सैमसंग इंडिया ने अपने प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम 'सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024'की टॉप 10 टीमों की घोषणा की है। ये टीमें अब ग्रैंड फिनाले में अपने अनूठे आइडियाज को सैमसंग और उद्योग के प्रमुख लीडर्स की जूरी के सामने पेश करेंगी। इन टीमों का चयन देश के दूर-दराज के इलाकों से हुआ है, जैसे असम के गोलाघाट और कामरूप, राजस्थान के झालावाड़, कर्नाटक के उडुपी और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर। इससे इस प्रोग्राम की व्यापक क्षेत्रीय पहुंच का पता चलता है। ये फाइनलिस्ट्स एक कड़ी चयन प्रक्रिया से गुजरे, जिसमें सैमसंग जूरी के सामने कई राउंड्स में पिच प्रेजेंटेशन देना और सैमसंग फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एण्ड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी) आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों से मार्गदर्शन पाना शामिल था। इन 20 टीमों को प्रोटोटाइप बनाने के लिए हर टीम को 20,000 रुपये का अनुदान दिया गया। इसके अलावा, यूथ ट्रैक की टीमों को सैमसंग गैलेक्सी लैपटॉप्स और स्कूल ट्रैक की टीमों को गैलेक्सी टैब्स मिले।

## सरकारी खजाने से लाखों रुपये की धनराशि उड़ाने वाले एडीओ पंचायत निलंबित

**बिजनौर :** विकासखंड नजीबाबाद और हल्दौर से प्रशासनिक मद के खाते से लाखों रुपये उड़ाने वाले एडीओ पंचायत विवेक शर्मा को निदेशक पंचायती राज ने निलंबित कर दिया है। एडीओ ने नजीबाबाद और हल्दौर ब्लॉक के एकल प्रशासनिक खाते से लाखों रुपये उड़ाए थे। निदेशक पंचायतीराज अटल कुमार राय ने जांच के बाद नजीबाबाद ब्लॉक में कार्यरत रहे एडीओ पंचायत विवेक शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एडीओ ने नजीबाबाद ब्लॉक के प्रशासनिक मद खाते से लाखों की धनराशि 15 दिसंबर 2023 से 10 जून 2024 के मध्य कई बार में एकल हस्ताक्षर से निकाली थी। नजीबाबाद से स्थानांतरण के बाद भी एडीओ द्वारा सरकारी खाते से धनराशि निकाली गई। इसके बाद जांच प्रक्रिया में हल्दौर विकासखंड से भी लाखों रुपये सरकारी खाते से उड़ाने का मामला प्रकाश में आया। आरोप है कि एडीओ पंचायत विवेक शर्मा ने नजीबाबाद ब्लॉक के प्रशासनिक मद खाते से पांच लाख रुपये और विकास खंड हल्दौर के प्रशासनिक खाते से करीब 4.22 लाख रुपये की धनराशि एकल हस्ताक्षर से निकाली थी।

## विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर तीन देशों की छह दिनों की यात्रा पर आज होंगे रवाना

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को सऊदी अरब, जर्मनी और स्विट्जरलैंड की छह दिनों की यात्रा पर रवाना होंगे। यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय व वैश्विक चुनौतियों पर विचार साझा करना है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, डॉ. जयशंकर सबसे पहले भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए दो दिन रियाद रहेंगे। जीसीसी प्रभावशाली समूह है, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कतर और कुवैत शामिल हैं। इसके बाद विदेश मंत्री 10 से 11 सितंबर तक दो दिनों की यात्रा पर बर्लिन जाएंगे। तीसरे व अंतिम चरण में वे 12 से 13 सितंबर तक जिनेवा का दौरा करेंगे, जहां वे वैश्विक संगठनों के प्रमुखों व प्रतिनिधियों से मिलेंगे।

## कार और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर, दो लड़कों की मौत

**राजौरी :** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एक कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में दो लड़कों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। यह जानकारी रविवार को अधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को राजौरी-कोटरांका रोड पर नगरोटा में छात्रों के एक समूह को ले जा रही कार पर से चालक नियंत्रण खो बैठा तथा एक विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाईकिल से टकरने के बाद एक पेड़ और एक चट्टान से टकरा गया। इस हादसे में घायल सभी 6 लोगों को राजौरी के सरकारी मेडिकल कालेज उपचार के लिए ले जाया गया, जहां पर 12वीं कक्षा के छात्र समीर अहमद (17) को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि मोटरसाइकिल सवार खुदा बख्श (19) ने शनिवार देर रात राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए चार छात्रों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे ईंट से भरा हुआ डंफर पलटा, चालक व खलासी घायल

**जालौन :** जालौन के कोतवाली क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर एक हादसा हुआ है। जहां एक ईंट से भरा डंपर ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्राला के चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह हादसा रविवार की सुबह बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 199 पर हुआ है। यहां ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया और सड़क पर ईंट फैल गयी। इसके बाद, पास से गुजर रहा एक अन्य ट्राला, जो गिट्टी भरकर जा रहा था, ईंटों पर फिसलकर पलट गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल चालक और खलासी को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे के एक लाइन पर यातायात बाधित हो गया है, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक्सप्रेस-वे ऑथोरिटी की टीम हाइड्रा की मदद से पलटे ट्राला को हटाने में जुटी हुई है, ताकि यातायात को सामान्य किया जा सके। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर यातायात पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं, जो यातायात को सामान्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही, एक्सप्रेस-वे ऑथोरिटी की टीम भी मौके पर मौजूद है, जो हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। वहीं, क्षेत्राधिकारी जालौन शेलेद्र बाजपेई ने बताया कि रविवार को जालौन कोतवाली क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 199 पर एक ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया और सड़क पर ईंट फैल गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## पांच घंटे चला पुलिस का अभियान 85 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद :** जनपद पुलिस ने शनिवार की रात में पांच घंटे अभियान चलाकर 85 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त हैं जो फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा वारंटियों एनबीडब्ल्यू व एसआर केसों में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध शनिवार की रात को 12.00 बजे से सुबह 05.00 बजे तक अभियान चलाया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस कुल 85 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इसमें 84 एनबीडब्ल्यू व 1 एसआर वारंटी वाँछित है। थाना उत्तर ने 3, थाना दक्षिण ने 3, थाना रामगढ़ ने 5, थाना रसूलपुर ने 7, थाना टूण्डला ने 2, थाना पचोखरा थाना एका ने 2, थाना फरिहा ने 3, थाना लाइनपार ने 1 व थाना मटसेना ने 8 अभियुक्त को पकड़ा है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# आरजी कर कांड के खिलाफ कोलकाता में विभिन्न प्रकार के विरोध प्रदर्शन

एजेंसी

**कोलकाता :** आरजी कर अस्पताल में हुए बलात्कार और हत्या की घटना के एक महीने पूरे होने पर रविवार को कोलकाता विभिन्न प्रकार के विरोध प्रदर्शन का गवाह बनेगा। रविवार को सुबह से रात तक कोलकाता के अलग-अलग इलाकों में इस घटना के विरोध में कई तरह की गतिविधियां आयोजित की जाएँगी। रविवार को विरोध प्रदर्शन के तहत कोई तस्वीरें बनाएगा, कोई मौन रहेगा, तो कोई मार्च करेगा। इस दिन शहर के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की गई है। प्रदर्शनकारियों में टॉलीवुड के कलाकार और तकनीशियन भी शामिल होंगे, जो शाम पांच बजे टॉलीगंज ट्राम डीपो से हाजरा मोड़ तक मार्च करेंगे।




यादवपुर आर्टिस्ट फोरम ने सड़क को कैनवास के रूप में इस्तेमाल करते हुए चित्रकारी के माध्यम से विरोध जताने का आह्वान किया है। रविवार रात नौ बजे से गड़िया मोड़, गांगुलीबागान मोड़, बाघाजतिन मोड़, सुकांत सेतु और 45 बाइपास कनेक्टर पर प्रदर्शनकारियों द्वारा चित्र बनाए और लिखे जाएंगे। इस कार्यक्रम में आम जनता को भी शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। पोस्टर पर इस प्रदर्शन का शीर्षक है, 'मिटाएगा जितना, हम बनाएंगे उतना।' गौरतलब है कि पिछले बुधवार की रात कूचबिहार के माथाभांगा में 'रात दखल' कार्यक्रम के दौरान तृणमूल के खिलाफ हमला करने का आरोप लगा था। सड़क पर बने चित्रों को मिटा देने का भी आरोप लगा था, जिसके विरोध में इस बार कोलकाता के पांच जगहों पर इस कार्यक्रम की घोषणा की गई है। 'रात दखल' के साथ-साथ सोमवार सुबह 'भोर दखल' भी आयोजित किया जाएगा। सुबह छह बजे 'कैंटीन आर्ट कलेक्टिव' की महिलाएं अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स के सामने नाटक के माध्यम से आरजी कर घटना के विरोध में अपनी आवाज उठाएंगी। आयोजकों के अनुसार, रविवार रात से ही 'महिलाओं का थिएटर' कार्यक्रम शुरू होगा। आरजी कर घटना की एक महीने की अवधि पूरी होने पर रात आठ बजे से 10 बजे तक श्यामबाजार, ढाकुरिया, यादवपुर आठ-बी बस स्टैंड के सामने धरना प्रदर्शन चलेगा। इस दौरान नौ अगस्त को हुई घटना के विरोध में नौ मिनट का मौन व्रत भी रखा जाएगा। रिक्शा चालकों द्वारा भी न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन किया जाएगा। शाम चार बजे हेडुआ से कॉलेज स्ट्रीट तक 'तिलोत्तमा के न्याय की मांग में रिक्शा-श्रमिकों की रैली' निकाली जाएगी।

## राज्य भर में लगेंगे अभया क्लिनिक शिविर

**कोलकाता :** आरजी कर कांड को लेकर पिछले रविवार की तरह आज भी कोलकाता और आसपास के इलाकों में 'अभया' क्लिनिक के 30 शिविर लगाए जाएंगे। कोलकाता और आसपास के इलाकों में 29 जगहों पर जूनियर डॉक्टर मरीज देखेंगे। इसके साथ ही ₹जनमत संग्रह एवं जनता दरबार लगाए जाएंगे। इन जगहों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे – पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट सूत्रों के अनुसार, 'अभया' क्लिनिक केवल शहर तक ही सीमित नहीं है बल्कि पश्चिम बंगाल के अधिकांश इलाकों में शिविर आयोजित किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जूनियर डॉक्टर तीन शिविरों – कुमारटुली, घोष बागान और डनलप में मरीजों को देखेंगे। इसके अलावा बीबी गांगुली स्ट्रीट, कॉलेज स्ट्रीट, कस्बा के हिंडाल क्लब, मौलाली मोर, एस्प्लेनेड, चित्तरंजन नेशनल मेडिकल कॉलेज के गेट नंबर दो, जादवपुर आठ बी, टालीगंज गोल्फ क्लब अस्थायी शिविर के सामने भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। सियालदह मेट्रो स्टेशन के पास डेंटल क्लीनिक भी खुलेगा। सूत्रों के अनुसार, उत्तर 24 परगना के हाबरा स्टूडेंट्स क्लब, दक्षिण 24 परगना जिले के बिष्णुपुर, रायगंज में अस्पताल मोड़, सिलीगुड़ी में कावाखाली मोड़, बारासात मेडिकल कॉलेज गेट, दक्षिण बारासात में लेबुतला, मगराहाट, बारुईपुर, भोजेरहाट, कोन्नगर, तमलुक, पंचला, सुभाषग्राम, कमरहाटी में मरीजों को देखा जाएगा।

# लखनऊः इमारत ढहने की घटना में मृतकों की संख्या 8 तक पहुंची

एजेंसी

**लखनऊ :** ट्रांसपोर्ट नगर के पास शनिवार शाम तीन मंजिला इमारत ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या रविवार सुबह तक 8 हो गई है। कई घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन में 28 लोगों को मलबे से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। राहत विभाग की ओर से रविवार को बताया गया कि सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित तीनमंजिला इमारत अचानक भरभराकर गिर गयी। इस कारण मलबे में दब कर आठ व्यक्तियों की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान आशियाना के पंकज (40), बंथरा निवासी धीरज (48),आलमबाग रोड निवासी अरुण सोनकर, राजकिशोर (27) और गोमती नगर निवासी जसमीत सिंह साहनी (41) के रूप हुई है। देर रात तीन



और शव निकाले गए उनकी पहचान राज किशोर, रूद्र यादव, जगरूप सिंह के रूप में हुई है। घायलों में राजेंद्र, भानू, शत्रुघ्न, शिवमोहन, प्रवीना, शांतिदेवी, आदर्श यादव, काजल, आकाश कुमार, आकाश सिंह, विनोद यादव, आदित्य, आकाश कुमार, अनूप कुमार मौर्य, बहादुर, ओम प्रकाश, हेमंत पाण्डे, सुनील, दीपक कुमार, विनीत कश्यप, लक्ष्मी शंकर, अतुल राजपूत, नीरज, लक्ष्मी शंकर, शशांक, सोनू उर्मिला और एक अज्ञात का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे में पांच महिलाएं और 23 पुरुष घायल हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस, पीएसी, स्थानीय पुलिस, फायर बिग्रेड की टीम ने कई घंटों तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। तीन अलग-अलग अस्पतालों में घायलों का इलाज चल रहा है।

बांग्लादेशः राष्ट्रगान बदलने की जमात की मांग पर अंतरिम सरकार ने कहा,

# कोई विवादित कदम नहीं उठाएंगे

एजेंसी

**ढाका :** मोहम्मद युनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की तरफ से साफ किया गया है कि देश के राष्ट्रगान में बदलाव की कोई योजना नहीं है।सरकार ने उन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि बांग्लादेश का राष्ट्रगान बदला जा सकता है। सुप्रसिद्ध रचनाकार रवीन्द्रनाथ टैगोर की रचना 'आमार सोनार बांग्ला' को बांग्लादेश ने अपना राष्ट्रगान बनाया है, जिसे बदलने की मांग देश के कट्टरपंथी संगठन कर रहे हैं।

पद्मा नदी के उत्तरी तट पर राजशाही में शनिवार को इस्लामिक फाउंडेशन का दौरा करने के बाद धार्मिक मामलों के सलाहकार अबुल फैज मुहम्मद खालिद हुसैन ने दावा किया कि अंतरिम सरकार विवाद पैदा करने वाला कोई कदम नहीं उठाएगी। सरकार सभी के सहयोग से बांग्लादेश का निर्माण करना चाहती है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों को निशाना बनाए जाने के मामले पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों को यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार दंडित करेगी। जो लोग पूजा स्थलों पर हमला करते हैं, वे मानवता के दुश्मन हैं। वे अपराधी हैं और उन पर मौजूदा कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' को लेकर विवाद शुरू हो गया है। कट्टरपंथी इसे बदलने की मांग कर रहे हैं। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के पूर्व अमीर गुलाम आजम के बेटे अब्दुल्लाहिल अमान आजमी ने देश के राष्ट्रगान और संविधान में बदलाव की मांग की है। आजमी का कहना है कि हमारा वर्तमान राष्ट्रगान हमारे स्वतंत्र बांग्लादेश के अस्तित्व के विपरीत है। दो बंगालों को एकजुट करने के लिए बनाया गया राष्ट्रगान एक स्वतंत्र बांग्लादेश का राष्ट्रगान कैसे बन सकता है? यह राष्ट्रगान 1971 में भारत द्वारा हम पर थोपा गया था। सरकार को नया राष्ट्रगान चुनने के लिए आयोग बनाना चाहिए।

## भाजपा विधायक को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**मुंबई/एजेंसी :** भारतीय जनता पार्टी के विधायक महेश लांडगे को जान से मारने की धमकी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित उदय कुमार राय पुणे के मोर्शी इलाके का रहने वाला है। इस मामले की गहन छानबीन भोसरी एमआईडीसी पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार महेश लांडगे भोसरी विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा भाजपा विधायक हैं। पिंपरी चिंचवड़ पुलिस के कंट्रोल रूम में शनिवार देर रात एक युवक ने फोन कर कहा कि उसे महेश भोसरे की हत्या की सुपारी मिली है। इस फोन काल के बाद पुलिस ने तत्काल इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। इसके बाद फोन काल की छानबीन करने के बाद पुलिस ने आरोपित को मोर्शी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

# पूर्वी चंपारण के एसपी कांतेश मिश्र बने आईबी के डिप्टी डायरेक्टर

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** भारतीय पुलिस सेवा 2015 बैच के आईपीएस और वर्तमान में पूर्वी चंपारण जिले के एसपी कांतेश कुमार मिश्र को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजा जा रहा है। गृह मंत्रालय के द्वारा बिहार के चीफ सेक्रेट्री को भेजे गये पत्र में उन्हें रिलीव करने को कहा गया है। उन्हें इंटेलिजेंस ब्यूरो में ज्वाइंट डिप्टी डायरेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। इनकी सेवा पांच सालों की होगी। कांतेश मिश्र की पहचान एक ईमानदार, मृदुभाषी, कवि हृदय के अलावे क्विक रिस्पॉन्सिबल



पदाधिकारी के रूप में रही है। पुलिस कप्तान होते हुए कवि की सोच होना अपने आप में बड़ी बात है, तभी तो पुलिस अधीक्षक की पाटलिपुत्र की छांव व मगध सा मन काव्य संग्रह खूब सराहा गया। जिले में दिसबंर 2022 में पदस्थापित होने के बाद अपराध नियंत्रण के मामले में भी उनकी कार्यशैली काफी सराहनीय रही है। संवेदनशील घटना के बाद पुलिस की तात्कालिक एक्शन श्री मिश्र का लाजवाब रहा। घोड़ासहन में नेपाली डकैतों का एनकाउंटर हो या फिर एके 47,अमेरिकन पिस्टल व वॉकी टॉकी बरामदगी की कार्रवाई काबिले तारीफ कही जायेगी। दूसरे प्रदेश से अपराधियो की गिरफ्तारी में भी पुलिस कप्तान पीछे नहीं रहे। एटीएम चोर का अन्तराज्यीय गैंग या करोड़ो के स्वणाभूषण की चोरी कांड का खुलासा कोई बख्शा नहीं गया। घटना बड़ी हो या छोटी उसे होम वर्क बनाकर टीम वर्क कर के उदभेदित किया गया।

# मैरी स्टेला राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की पैनल सदस्य बनी



एजेंसी

**रांची :** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार ने रांची की रहने वाली मैरी स्टेला को राज्यस्तर पर एनसीएम के पैनल सदस्य के रूप में नामित किया है। मैरी स्टैला अल्पसंख्यक समुदायों के मुद्दों पर आयोग को सलाह देने का कार्य करेंगी। इस संबंध में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा ने पत्र जारी कर दिया है। श्री लालपुरा ने मैरी स्टेला को उनके कार्यो के प्रति निष्ठा जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

प्रदेश में नये जिलों की समीक्षा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा

# सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी कार्यकताओं में काफी उत्साह

एजेंसी

**भीलवाड़ा :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ रविवार सुबह रेल मार्ग से भीलवाड़ा पहुंचे। उन्होंने जैन मुनि रामलाल महाराज के दर्शन किए। इसके बाद वे उदयपुर के लिए रवाना हो गए। भीलवाड़ा आगमन पर सांसद दामोदर अग्रवाल और भाजपा जिला पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में राजस्थान में भाजपा के अब तक करीब 8 लाख सदस्य बने है। इसमें पुराने भी शामिल है। इस संख्या की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी कार्यकताओं और आम जनता में काफी उत्साह है। भाजपा का लक्ष्य प्रदेश में और अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना है, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत



किया जा सके। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, ह्वभाजपा का सदस्यता अभियान एक सतत प्रक्रिया है, और हम इसे लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति जो भाजपा की विचारधारा से प्रेरित है, पार्टी से जुड़े और हमारे परिवार का हिस्सा बने।' भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी के भाजपा की सदस्यता लेने को लेकर उठे विवाद पर भी मदन राठौड़ ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा, 'अशोक कोठारी ने पार्टी की नीति, सिद्धांत और राष्ट्रीयता की भावना से प्रेरित होकर सदस्यता ली है। हालांकि, किसी को सदस्यता देना या ना देना हमारे संगठनात्मक अधिकार क्षेत्र में आता है। हम इस मामले में संगठन की नीतियों का पालन करेंगे और उचित निर्णय लेंगे।ह्व इस पर पार्टी अध्यक्ष का फैसला ही अंतिम मान्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी में सदस्यता के मुद्दे पर कोई विवाद नहीं है और जो भी पार्टी के सिद्धांतों के साथ चलता है, उसका स्वागत है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक परिवार की तरह है, जहां सभी को साथ लेकर चलने की परंपरा है। विधानसभा उपचुनावों की तैयारियों के संबंध में मदन राठौड़ ने बताया कि भाजपा ने एक सतत प्रक्रिया के तहत सभी उपचुनावों के लिए प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी पार्टी में उपचुनाव की तैयारी भी एक निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है। हम पहले से ही तैयारी में जुटे हैं, लेकिन चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद ही हम अपनी रणनीति को अंतिम रूप देंगे।ह्व राठौर ने जोर देकर कहा कि भाजपा उपचुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है और पार्टी का फोकस जनता के मुद्दों को लेकर होगा।

### नए जिलों के गठन पर सरकार की समीक्षा

नए जिलों के गठन और पुराने जिलों के समाप्त करने के सवाल पर राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने इस विषय पर एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई है, जिसने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पेश की है। राठौर ने कहा, ह्लकई ऐसे जिले हैं जो बनने लायक नहीं थे और सरकार की समीक्षा रिपोर्ट के आधार पर उन्हें जल्द ही समाप्त किया जाएगा। हमारा मानना है कि प्रशासनिक दृष्टि से जो जिले कार्य करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं है।ह्व उन्होंने कहा कि कुछ जिले तो हटेगें। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भाजपा प्रशासनिक सुधारों की पक्षधर है और पार्टी चाहती है कि राज्य में सुशासन हो। उन्होंने कहा कि भाजपा उन सभी मुद्दों पर सरकार का समर्थन करेगी जो जनता के हित में होंगे, लेकिन गलत निर्णयों का पुरजोर विरोध भी किया जाएगा। मदन राठौड़ ने यह भी कहा कि भाजपा का फोकस केवल चुनाव जीतने पर नहीं बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान पर भी है।

## कटिहार से अमृतसर वाया फारबिसगंज-दरभंगा पूजा स्पेशल ट्रेन की घोषणा

**अररिया :** पूजा के दौरान यात्रियों की सुविधा को लेकर कटिहार से अमृतसर के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन संख्या 05735 अप एंड 05736 डाउन की घोषणा की गई है। यह ट्रेन कटिहार से वाया पूर्णिया, अररियाकोर्ट, फारबिसगंज, ललितग्राम, सरायगढ़, निर्मली, झंझारपुर, सकरी, दरभंगा, सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज, कप्तानगंज, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, लक्सर, रुड़की, साह, अंबाला कैंट, राजपुरा, ढांढरी कलान (लुधियाना), जालंधर सिटी, बीस होते हुए अमृतसर तक जाएगी। कटिहार अमृतसर पूजा स्पेशल ट्रेन संख्या 05735 कटिहार अमृतसर पूजा स्पेशल कटिहार से 18 सितम्बर से प्रत्येक बुधवार को कटिहार से रात्रि 21 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह पौने दस बजे अमृतसर पहुंचेगी। वापसी दिशा में 20 सितंबर से 29 नवंबर तक 11 फेरों के लिए प्रत्येक शुक्रवार को फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन अमृतसर कटिहार अमृतसर से दिन के 13 बजकर 25 मिनट में प्रस्थान करेगी और अगले दिन कटिहार रात के 23 बजकर 45 मिनट में पहुंचेगी। रेलवे बोर्ड ने इस पूजा स्पेशल ट्रेन की अधिसूचना के साथ समय सारणी जारी कर दी है।